अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 149 | लखनऊ, शनिवार, 13 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### भारत के समुद्री बेड़े में 16 दिसंबर को शामिल होगा स्वदेशी गोताखोर जहाज 'डीएससी ए20'

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के समुद्री बेड़े में 16 दिसंबर को गोताखोरी में सहायक स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित जहाज 'डीएससी ए20' को शामिल किया जाएगा। दक्षिणी कमान का हिस्सा बनने वाले इस जहाज का कमीशनिंग समारोह कोच्चि में होगा, जो नौसेना के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके माध्यम से भारतीय नौसेना की गोताखोरी और जल के भीतर सहायता क्षमताओं में तेजी आएगी। दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना की उपस्थिति में आयोजित होने वाला यह औपचारिक समारोह नौसेना की परिचालन क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का प्रतीक होगा। डीएससी ए20 का निर्माण कोलकाता के टिटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) में किया गया है।

### गोवा अग्निकांड के आरोपित लूथरा भाइयों को भारत लाने की तैयारी

नई दिल्ली। गोवा अग्निकांड में आरोपित नाइट क्लब मालिकों सौरभ और गौरव लूथरा फिलहाल थाई प्रशासन की हिरासत में हैं और उन्हें भारत वापस लाने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक बैंकॉक में भारतीय दूतावास सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा से जुड़े मामले में थाई अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है।दूतावास की दखल के बाद फुकेट में थाई अधिकारियों ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। थाई अधिकारी अभी स्थानीय कानूनों के अनुसार कार्रवाई कर रहे हैं, जिसमें दोनों को भारत वापस भेजना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि गोवा के नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में कानपुर के अरुण पाठक बने प्रस्तावक

कानपुर। कानपुर-उन्नाव स्नातक खण्ड क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक को आगामी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के प्रस्तावक के रूप में शामिल किए जाने पर पूरे संगठन में उत्साह का माहौल है। इस जिम्मेदारी को राजनीतिक और संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा कानपुर उत्तर के जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से कुल आठ प्रस्तावक चयनित किए गए हैं, जिनमें कानपुर की ओर से अरुण पाठक को स्थान मिला है।

# केंद्र ने जनगणना के लिए बजट की मंजूरी दी

## पहली बार जातिगत गणना भी होगी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार 11,718.24 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ जनगणना 2027 कराएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके मुताबिक पहली बार जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल होगी। इसे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किया जाएगा।



सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में किया जाएगा- पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में संपन्न होगा। पहली बार जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल होगी। इसे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किया जाएगा। मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा इकट्ठा किया जाएगा और केंद्रीय पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। जनगणना को विभिन्न मंत्रालयों को विविध उद्देश्यों के लिए स्पष्ट, मशीन रीडेबल और एक्शनेबल फॉर्मेट में उपलब्ध भी कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 का पहला चरण- हाउसलिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच चलाया जाएगा। दूसरा चरण, यानी जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में होगा। हालांकि लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के दुर्गम क्षेत्रों और हिमाचल एवं उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों में यह चरण सितंबर 2026 में संचालित किया जाएगा। पूरे देश में इस विशाल अभियान को पूरा करने के लिए लगभग 30 लाख फील्ड कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी, जिनमें शिक्षक, पर्यवेक्षक और विभिन्न स्तरों के अधिकारी शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि यह पहली जनगणना होगी जिसमें मोबाइल ऐप, डिजिटल प्रश्नावली और केंद्रीय मॉनिटरिंग पोर्टल (सीएमएमएस) का उपयोग किया जाएगा। इससे न केवल डाटा संग्रह की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि रीयल-टाइम निगरानी भी आसान होगी। जनता को स्वयं अपनी जानकारी भरने का विकल्प भी मिलेगा। सुरक्षा के लिए विशेष डिजिटल प्रावधान किए गए हैं। जनगणना 2027 के लिए विकसित 'एचएलबी क्रिएटर' वेब मैप एप्लिकेशन अधिकारियों को ब्लॉक मैपिंग में मदद करेगा।

वैष्णव ने एक सवाल पर बताया कि जनगणना की प्रश्नावली और इसकी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से एक अधिसूचना जारी की जाएगी।

### केंद्र ने नारियल के एमएसपी में किया इजाफा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2026 सीजन के लिए नारियल के दोनों प्रकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में शुक्रवार को बढ़ोतरी करने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

### इंडिगो संकटः डीजीसीए ने 4 उड़ान संचालन निरीक्षकों को पदमुक्त किया

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के संकट के 11 वें दिन नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को चार उड़ान संचालन निरीक्षकों (एफओआई) को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया। इसके बाद ये सभी अधिकारी अपने मूल कंपनियों में वापस लौट जाएंगे। डीजीसीए द्वारा हटाए गए एफओआई में ऋषभ राज चटर्जी (संविदा सहायक मुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक), सीमा झामनानी (वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक), अनिल कुमार पोखरियाल और प्रियम कौशिक (दोनों संविदा उड़ान संचालन निरीक्षक) शामिल हैं। आदेश में इन निरीक्षकों के सरकारी ई-मेल और ई-ऑफिस खातों को तत्काल निष्क्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राहुल गांधी मानहानि मामले में सुनवाई टली, अगली सुनवाई 23 दिसम्बर को

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बयान बाजी के मामले मे शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई टल गई। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला द्वारा मौका लेने के कारण सुनवाई स्थगित हुई। कोर्ट ने अब अगली सुनवाई के लिए 23 दिसम्बर की तिथि तय की है।

राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह होनी थी। उनके द्वारा मौका लिए जाने के कारण सुनवाई टाल दी गई। अब 23 दिसम्बर को राहुल गांधी के अधिवक्ता गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह करेंगे। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हनुमानगंज निवासी मिश्रा का आरोप है कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी।

इस मामले में पिछले पांच साल से अदालती कार्यवाही चल रही है। दिसम्बर 2023 में राहुल गांधी के पेश न होने पर तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी थी। 26 जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और इसे राजनीतिक साजिश करार दिया था। उनके बयान के बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# अब खेत पर होती है खेती की बात : योगी

- मुख्यमंत्री योगी ने बाराबंकी में किसान पाठशाला का किया शुभारम्भ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बाराबंकी के दौलतपुर गांव में पद्मश्री किसान राम सरन वर्मा के फार्म पर आयोजित किसान पाठशाला के आठवें संस्करण का शुभारम्भ करते हुए कहा कि आज प्रदेश में खेती का भविष्य सचिवालय के कमरों में नहीं, बल्कि खेतों की मिट्टी में लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले खेती की योजनाएं फाइलों में ही सिमटी रहती थीं। अधिकारी सचिवालय में बैठकर कृषि नीति तैयार करते थे। लेकिन हमारी सरकार खेत में उतरकर किसानों की समस्या समझती है और खेती की बात किसान के खेत पर ही होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीज, खाद, सिंचाई और बाजार–इन सभी क्षेत्रों में बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। किसान को अब उसकी फसल का सही दाम बिना देरी और बिना कटौती के मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि किसान जिन सुविधाओं के लिए पहले महीनों चक्कर काटता था, वह अब उसके घर तक पहुंच रही हैं। किसानों की आय दोगुनी हो चुकी है और आने वाले समय में तीन गुना होने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार ने सिंचाई प्रणाली का आधुनिकीकरण किया है, किसानों को बड़े पैमाने पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराए हैं और बेहतर तकनीक को खेत-खेत तक पहुंचाया है। उत्तर प्रदेश में आज कृषि तकनीक का वह विस्तार हो रहा है, जिसकी कल्पना दशकों तक नहीं की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश देश के कुल गन्ना उत्पादन में 55 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। गन्ना किसानों के भुगतान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2 लाख 92 हजार करोड़ रुपये का रिकॉर्ड भुगतान किया है। यह आंकड़ा किसानों के सम्मान, मेहनत और उनकी कमाई की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बाराबंकी पूरे पूर्वांचल का प्रवेश द्वार है और आज यह जिला कृषि नवाचार और तकनीकी मॉडल का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। प्रदेश में 79 कृषि विज्ञान केंद्र संचालित हैं।

# रील संस्कृति पर राज्य सभा में उठे सवाल

- सदस्यों ने कई दूसरे जरूरी मुद्दे भी उठाए

एजेंसी



नई दिल्ली। राज्य सभा में शून्य काल के दौरान शुक्रवार को राजस्थान से राज्यसभा सदस्य मदन राठौर ने रील कल्चर पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे रिश्ते शर्मसार हो रहे हैं। देवर-भाभी के रिश्ते को हमारे समाज में माता-पुत्र के रिश्ते की तरह देखा जाता है, लेकिन रील्स में इसे असामाजिक तरीके से पेश किया जाता है। रील्स की वजह से समाज बर्बाद हो रहा है। उन्होंने अश्लील रील बनाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार से इसके खिलाफ कानून बनाने की जरूरत बताई।

राज्य सभा में आज शून्य काल में कई दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। राज्यसभा सदस्य पीटी ऊषा ने स्वदेशी डोपिंग-रोधी किट बनाने की मांग करते हुए कहा कि स्वदेशी तकनीक लाने से टेस्ट की कीमत कम और समय की बचत होगी। एंटी डोपिंग टेस्ट में भारत आत्मनिर्भर होगा और कुछ नए स्टार्टअप शुरू होने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसके साथ वायु प्रदूषण का भी मुद्दा उठा। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि देश के सामने मौजूदा चुनौतियों के बारे में सदन में चर्चा ज्यादा जरूरी है। एसआईआर, वायु प्रदूषण, बेरोजगारी का संकट, गोवा आग त्रासदी उतने ही जरूरी मुद्दे थे और उम्मीद है कि हम संसद के काम करने के दिन बढ़ा कर ऐसे मामलों पर चर्चा कर सकते हैं।

वहीं, मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति ने 02 बजे के बाद निजी विधेयक के तहत शुक्रवार को छोटे बच्चों की शिक्षा से संबंधित निजी विधेयक रखा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि शिक्षा का अधिकार तीन वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों पर लागू होना चाहिए फिलहाल ये 6 वर्ष से शुरू होता है, आयु तीन साल घटा देनी चाहिए।

# कफ सिरप मामले में यूपी के कई जिलों में ईडी का छापा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अवैध कफ सिरप बिक्री मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार सुबह उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर और सहारनपुर सहित कई अन्य ठिकानों पर छापा मारा है। इसके अलावा गुजरात और झारखंड सहित कई राज्यों में 25 से अधिक ठिकानों पर भी ईडी ने छापा मारा है। ईडी मनी लॉड्रिंग के आरोपों की जांच कर रही है। लखनऊ में ईडी ने सिपाही आलोक सिंह की कोठी पर छापा मारा है। खबर लिखे जाने तक ईडी के अधिकारी दस्तावेजों के अलावा पूरी कोठी में छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार ईडी की टीमों ने वाराणसी में खोजवा, बादशाहबाग, प्रहलाद घाट, पड़ाव सहित मामले में फरार शुभम के ठिकानों पर छापमोरी की है।

जानकारी के अनुसार पूरे मामला उजागर होने पर मुख्य आरोपित शुभम जायसवाल दुबई भाग गया। उसके पिता भोला प्रसाद समेत 32 लोग इस मामले में गिरफ्त में हैं। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। यूपी के लखनऊ, वाराणसी, सहारनपुर और जौनपुर समेत कई जिलों में ईडी की कार्रवाई चल रही है। इनके अलावा झारखंड के रांची और गुजरात के अहमदाबाद में बनाए गए ठिकानों पर छापेमारी हुई है।

# एसआईटी ने कोर्ट में दाखिल की 2,500 पन्नों की चार्जशीट, सात लोगों के नाम शामिल

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के सांस्कृतिक प्रतीक व गायक जुबीन गर्ग की मौत के हाई-प्रोफाइल जांच में असम पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को इस मामले में 2,500 पृष्ठों का आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया है। वहीं, दस्तावेजों सहित आरोपपत्र में कुल पृष्ठों की संख्या करीब 12 हजार है। इस मामले में सात लोगों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं में आरोपित बनाया है। असम पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने शुक्रवार को जुबिन गर्ग मामले से जुड़े आरोपपत्र अदालत में दाखिल किए जाने की जानकारी दी।



जुबिन प्रकरण

कोर्ट में दाखिल अरोपपत्र में आपराधिक साजिश और गैर-इरादतन हत्या से लेकर हत्या और लापरवाही से मौत का कारण बनने जैसे आरोपों को कानूनी आधार बनाया गया है।

जुबीन गर्ग सिंगापुर नॉर्थ ईस्ट इंडिया फ़ेस्टिवल में हिस्सा लेने गए थे, जहां 19 सितंबर, 2025 को सिंगापुर में डूबने से मौत हो गई थी। इस घटना बाद यह एक हाई-प्रोफाइल मामला बन गया। शुरूआत में इसे दुर्घटना माना जा रहा था, लेकिन अब असम पुलिस हत्या मानकर जांच कर रही है। इस संबंध में पहले भी कई गिरफ्तारियां हुई हैं।एसआईटी प्रमुख ने बताया कि इस मामले में सात लोग न्यायिक हिरासत में हैं। इसमें नॉर्थ ईस्ट इंडिया उत्सव के आयोजक और कार्यक्रम का नेतृत्व करने वाले श्यामकानु महंत महंत के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 61, 103, 308, 318 और 238 के तहत आरोप लगाए गए हैं। गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 3 (6/7/8), 61(2), 103(1) और 316(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# संसद सत्र खत्म होते ही बंगाल आएंगे पीएम मोदी

## मतुआ बहुल इलाके से शुरू होगा चुनाव प्रचार

एजेंसी



कोलकाता। संसद के शीतकालीन सत्र समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल आएंगे। इस बार वह मतुआ बहुल इलाके से चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। इसके मद्देनजर आगामी 20 दिसंबर को नदिया के रानाघाट में प्रधानमंत्री की जनसभा होनी है।

इस संबंध में भाजपा के प्रदेश महासचिव जगन्नाथ चटर्जी ने शुक्रवार को बताया कि आगामी 20 दिसंबर को वे यहां आ रहे हैं। ताहेरपुर के मैदान में प्रधानमंत्री की जनसभा होगी। इसके लिए निर्धारित मैदान में पहले से ही तैयारियां शुरू हो गई हैं। साथ ही, कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव की प्रचंड जीत के बाद प्रधानमंत्री ने कहा था कि गंगा बंगाल से भी होकर जाती है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि बिहार की तरह यहां भी बदलाव देखने को मिलेगा।

भाजपा सूत्रों के अनुसार, बंगाल के चुनावी दौर में प्रधानमंत्री मोदी कुल 10 जनसभाएं होनी है। इनमें से अलीपुरद्वार, दमदम और दुर्गापुर में वह जनसभा कर चुके हैं। आगामी कुछ महीनों में वे बाकी सात जनसभाएं करेंगे, जिसकी शुरुआत रानाघाट से होगी। वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि वर्तमान में ठाकुरनगर के साथ-साथ रानाघाट को भी मतुआगढ़ के नाम से जाना जाता है। इसलिए, मतुआ समुदाय के मन का 'ख्याल रखने' के लिए रानाघाट से प्रचार की शुरुआत की जा रही है। वर्तमान में राज्य में चल रही मतदाता सूची के गहन संशोधन प्रक्रिया को लेकर सबसे अधिक चिंतित मतुआ समुदाय है। नाम हटने की आशंका ने उन्हें घेर लिया है।

हाल ही में बंगाल के भाजपा सांसदों को इस बारे में प्रधानमंत्री ने सचेत किया था। एसआईआर को लेकर समझदारी से बात करने का संदेश दिया था। लोगों के मन में, खासकर मतुआ समुदाय के मन में कोई डर पैदा न हो, यह सुनिश्चित करने का संदेश उन्होंने दिया था।

उल्लेखनीय है कि, मतुआ समुदाय बंगाल की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भाजपा इस समुदाय को साधने की पूरी कोशिश कर रही है। नागरिकता संशोधन अधिनियम और मतदाता सूची संशोधन जैसे मुद्दों पर मतुआ समुदाय की चिंताओं को दूर करना भाजपा की प्राथमिकता है।

# कल मिलेगा यूपी बीजेपी को नया अध्यक्ष

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। यूपी की सियासत में इन दिनों केवल बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की चर्चा है। बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के बाद अब प्रदेश परिषद सदस्यों के नाम का ऐलान हो चुका है।अगले छतीस घंटों में यूपी बीजेपी को नया मुखिया मिल जाएगा। नया अध्यक्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की कमान संभालेगा। चुनाव अधिकारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय के मुताबिक प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए कल13 दिसंबर को नामांकन और अगले दिन यानि 14 दिसंबर को नाम की घोषणा हो जायेगी। बीजेपी एक बार फिर ओबीसी समुदाय के किसी चेहरे को प्रदेश संगठन की कमान सौंप सकती है। इस महत्वपूर्ण पद की दौड़ में कई बड़े नाम शामिल हैं,जिनमे

### अध्यक्ष की कुर्सी की दौड़ में कई दिग्गज शामिल

केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या योगी सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंहपूर्व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति स्वतंत्र देव सिंह प्रमुख हैं। माना जा रहा है है कि ओबीसी चेहरे को कमान सौंपना न सिर्फ जातीय समीकरणों को साधेगा, 2027 के विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव के लिए भी माहौल तैयार करेगा।प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव खातिर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल केंद्रीय चुनाव अधिकारी हैं, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक हैं। ये दोनों नेता शनिवार को लखनऊ पहुंच रहे हैं। पीयूष गोयल और विनोद तावड़े की मौजूदगी में पहले पार्टी नेताओं की बैठक होगी, जिसमें नए



अध्यक्ष के नाम पर सर्वसम्मति बनाने की कोशिश की जाएगी।सर्वसम्मति बनी तो उसी नेता का नामांकन होगा। अगर प्रदेश अध्यक्ष के लिए केवल एक नामांकन दाखिल होता है, चुनाव नहीं होगा।

अगले दिन पीयूष गोयल अध्यक्ष का ऐलान करेंगे। एक से ज्यादा नामांकन हुए तो प्रदेश परिषद सदस्य वोटिंग करके नया अध्यक्ष चुनेंगे। पहले देखा गया है कि बीजेपी में अक्सर अध्यक्ष पद के लिए सिंगल नाम ही आता है।बीजेपी के संगठनात्मक चुनाव में प्राथमिक समिति, मंडल स्तर और जिला स्तर पर चुनाव होने के बाद प्रदेश परिषद का निर्वाचन मंडल चुना जाता है। यही मंडल प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव करता है। उत्तर प्रदेश में 403 विधानसभा सीटें हैं, इसलिए उतने ही प्रदेश परिषद के सदस्य इस निर्वाचन मंडल में शामिल हैं। विधानसभा में 85 सीटें आरक्षित हैं, इसलिए उतने ही सदस्य आरक्षित समुदाय के लोग भी इस निर्वाचन मंडल का हिस्सा होते हैं। बीजेपी ने मंगलवार को यूपी में अपने संगठनात्मक 84 जिलों की 327 प्रदेश परिषद सदस्यों की सूची घोषित कर दी है, जो इस चुनाव में वोट डालेंगे। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का कार्यकाल 2024 में पूरा होने के बाद से संगठन में बदलाव की चर्चाएं चल रही हैं। नए अध्यक्ष के नेतृत्व में बीजेपी 2027 विधानसभा चुनाव और पंचायत चुनावों की चुनौती का सामना करेगी।

## राजधानी में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा छाया, ठंड और गलन बढ़ी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार की सुबह कोहरे की चादर में लिपटी रही। विजिबिलिटी 50 मीटर ही रही, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह सीजन का लगातार दूसरा दिन है जब इतना घना कोहरा है। इससे ठंड और लगन बढ़ गई है। हालांकि दोपहर तक हल्की धूप निकल आई। जिससे ठंढ से लोगों को राहत मिली। रात में न्यूनतम तापमान 11 से0 दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पछुआ हवाओं की एंट्री के कारण कोहरा और गलन दोनों तेजी से बढ़े हैं। गुरुवार सुबह औसत एक्यूआई 183 रिकॉर्ड किया गया, जबकि शाम तक यह 178 था। नवंबर से ही हवा 'यलो और ऑरेंज जोन' में बनी हुई है, जिससे प्रदूषण का स्तर और विजिबिलिटी दोनों प्रभावित हो रहे हैं। दोपहर में हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन हवा में ठंडक बरकरार रही।

# विकसित उत्तर प्रदेश से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा: कपिल देव अग्रवाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग और डेलॉयट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को योजना भवन में स्टेकहोल्डर्स कंफ्रेंस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, शिक्षा सलाहकार प्रो. डी.पी. सिंह, आर्थिक सलाहकार डॉ. के.वी. राजू, प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम, श्री नरेन्द्र भूषण, मिशन निदेशक पुलकित खरे एवं विभिन्न इंडस्ट्री प्रतिनिधि मौजूद रहे। कंफ्रेंस में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल निर्देशन में विकसित भारत 2047 तथा उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि वोकेशनल एजुकेशन, आईटीआई, मिशन और पॉलिटेक्निक संस्थानों के लिए एक व्यापक करिकुलम तैयार किया जा रहा है। इसमें सभी विभागीय अधिकारियों और इंडस्ट्री स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता से युवाओं की स्किल्ड शिक्षा को नए स्तर पर ले जाने की योजना है। अग्रवाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 ने स्किल डेवलपमेंट को नई पहचान और बढ़ावा दिया है। इंटरमीडिएट से लेकर इंजीनियरिंग व एमबीए कर रहे छात्रों की समस्याओं को समझते हुए ऐसा मॉडल तैयार किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं को बेहतर स्किल्स भी प्राप्त हों। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पैनल डिस्कशन के शानदार परिणाम सामने आएंगे और मिलकर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# यूपी में वन विभाग द्वारा चिह्नित 52 वेटलैंड्स पर पर्यटन सुविधाओं के विकास पर बनी सहमति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को नई दिशा देने के उद्देश्य से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अरुण कुमार सक्सेना की संयुक्त बैठक शुक्रवार को पर्यटन निदेशालय में संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश के चारों टाइगर रिजर्व, 10 रामसर साइट्स और विभिन्न वेटलैंड्स को एकीकृत रूप से विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रदेश को आगामी वर्षों में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने के लिए रोडमैप पर विस्तृत चर्चा हुई।

श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। समग्र, जिम्मेदार और सतत पर्यटन विकास के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार समस्या नहीं, समाधान केंद्रित दृष्टिकोण के साथ इको-टूरिज्म विकास को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप आगे बढ़ा रही है।

बैठक में दुधवा, पीलीभीत, अमानगढ़ और रानीपुर टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश की 10 रामसर साइट्स नवाबगंज, पार्वती आर्गा, समान, समसपुर, सांडी, सरसई नावर, सूर सरोवर, ऊपरी गंगा, बखिरा तथा हैदरपुर वेटलैंड को आधुनिक इको-टूरिज्म मॉडल के रूप में विकसित करने पर विशेष चर्चा हुई। इन स्थलों पर प्रवेश द्वार, नेचर ट्रेल, वॉच टावर, साइनेज, कॉटेज, कैंटीन, गज़ीबो, स्वागत कक्ष और आरओ सहित पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तपोषण की आवश्यकता भी प्रस्तुत की गई। इको-टूरिज्म गाइड, ड्राइवर, हॉस्पिटैलिटी स्टाफ के प्रशिक्षण तथा वन विभाग की सहमति से कंसल्टेंट नियुक्त करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में इको-टूरिज्म को नई पहचान देने की तैयारी में है। बरेली के नगर वन और कन्नौज के लाख बहोसी पक्षी विहार को उन्नत रूप में विकसित करने की योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में बर्ड सर्किट सूर सरोवर (आगरा), शेखा झील (अलीगढ़), रपड़ी वेटलैंड (फिरोजाबाद), सरसई नावर (इटावा) एवं लाख बहोसी वेटलैंड (कन्नौज) के समग्र विकास पर भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए।

पर्यटन व वन विभाग ने 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंड' मॉडल पर 52 वेटलैंड चिह्नित किए हैं, जिनके एकीकृत पर्यटन सर्किट विकास पर व्यापक सहमति बनी। राजदरीऽदेवदरी वाटरफॉल में ईको-टूरिज्म सुविधाओं के संचालन एवं रखरखाव, किसी रामसर साइट पर बर्ड फ़ेस्टिवल आयोजित करने तथा गोरखपुर प्राणी उद्यान में एम्फीथियेटर, पार्किंग व अन्य अवसंरचना विकास पर भी विमर्श हुआ।

वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखते हुए उसे वैश्विक पर्यटन आकर्षण के रूप में विकसित करना सरकार का लक्ष्य है। इको-टूरिज्म स्थानीय समुदायों को रोजगार प्रदान करने के साथ प्रकृति संरक्षण की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व और रामसर साइट्स पर चल रहे विकास कार्यों से उत्तर प्रदेश 'नेचर-बेस्ड टूरिज्म' का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा।

ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में साइनेज और सूरजपुर पक्षी विहार में पर्यटक सुविधाओं के विकास संबंधी प्रस्ताव पर पर्यटन मंत्री ने सहमति दी। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन अमृत अभिजात, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी, महानिदेशक पर्यटन राजेश कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) बी. प्रभाकर सहित दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सट्टे के कर्ज में डूबे कारपेंटर ने की खुदकुशी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। पारा थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि कुंदन विहार कॉलोनी में रहने वाले विजय कुमार लोधी (58) कारपेंटर थे। उनके परिवार में पत्नी राम जानकी, बेटे विनोद और विवेक, बेटियां ममता और सरिता हैं। आज सुबह कारपेंटर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के संबंध में परिवार से पता चला है कि उन्हें सट्टे की लत थी, जिसके चलते उन पर काफी कर्ज हो गया था। इसी वजह से वह मानसिक तनाव में थे। घरवालों से बोलचाल भी कम कर दिया था। परिवार को आशंका है कि इसी वजह से विजय ने फांसी लगाई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार से मिली जानकारी और प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, फिर भी सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर गर्लफ्रेंड को मारी गोली, कंधे और हाथ में लगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सिरफिरे प्रेमी ने युवती को गोली मार दी। वह आधी रात युवती के घर में घुस गया। उसके साथ मारपीट की। घर में रखे सामान तोड़े। उसके बाद युवती को 2 गोली मारी। 1 गोली युवती के कंधे और दूसरी हाथ में लगी। युवती को कमरे में बंद करके स्कॉर्पियो से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज और चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। युवती को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। घटना गुरुवार रात करीब 2 बजे पारा थाना क्षेत्र की है। यहां 21 साल की युवती बड़ी बहन और भांजी के साथ रहती है। उसकी बहन ने बताया- करीब 1 साल से सरोजनी नगर के गौरी बाजार निवासी आकाश कश्यप से छोटी बहन का प्रेम-प्रसंग था। आकाश क्रिमनल प्रवृत्ति और नशे का आदी है। इस वजह से छोटी बहन उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी। आकाश उसे लगातार परेशान कर रहा था और गुरुवार रात में घर में घुसकर गोली मारकर फरार हो गया। पारा थाना क्षेत्र में 21 साल की युवती बड़ी बहन और 7 साल की भांजी व 3 साल के भांजे के साथ किराए के मकान में रहती है। बड़ी बहन ने बताया कि छोटी बहन का 1 साल से आकाश कश्यप के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। गुरुवार रात करीब 2 बजे आकाश शराब के नशे में घर आया। धक्का देकर सीधे छोटी बहन के कमरे में घुस गया। विरोध करने कर गाली-गलौज की। मारपीट की। घर का सामान तोड़ दिया। हम लोग डर गए। आसपास के लोगों को बुलाने लगे तब तक आकाश ने तमंचा निकालकर छोटी बहन को गोली मार दी। बड़ी बहन ने बताया छोटी बहन को गोली मारने के बाद आकाश मेरी 7 साल की बेटी की ओर बढ़ा। उसने बेटी को गोली मारने की कोशिश की। बेटी डरकर भाग गई। इसके बाद आकाश ने छोटी बहन को कमरे में बंद कर दिया। दरवाजे में बाहर से कुंडी लगा दी। घर के बाहर खड़ी अपनी स्कॉर्पियो से भाग गया। गोली की



आवाज और हम लोगों की चीख सुनकर आसपास के लोग आ गए। पड़ोसियों की मदद से छोटी बहन को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से ही पुलिस को घटना की सूचना दी। बड़ी बहन ने बताया दोनों बहनें ऑर्केस्ट्रा में काम करती हूं। 1 साल पहले एक इवेंट में छोटी बहन और आकाश की मुलाकात हुई थी। जहां दोनों ने मोबाइल नंबर एक्सचेंज किया था। दोनों में पहले फोन पर बातें होने लगीं, फिर मुलाकातें हुईं। इसके बाद दोनों में प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। बड़ी बहन ने बताया कि छोटी बहन को आकाश के बारे में पता चला कि वह नशा करता है आपराधिक प्रवृत्ति का है। इसके बाद से उसने आकाश से दूरी बना ली। आकाश से बात करनी बंद कर दी। उसका फोन भी नहीं उठा रही थी। आकाश अलग-अलग नंबर से फोन करके परेशान करने लगा। छोटी बहन उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी, लेकिन आकाश आए दिन शराब के नशे में उसको परेशान करता था। उसका पीछा करता था। बड़ी बहन ने बताया आकाश 4-5 लोगों के साथ घर के बाहर पहुंचा। घर के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। उसके बाद अकेले घर में घुस गया। उन्होंने बताया कि घर पर छोटी बहन को गोली मारने के बाद वह भाग गया। बाद में लोकबंधु अस्पताल आया। अस्पताल में भी हंगामा किया। पीड़िता ने बताया आकाश आए दिन मारपीट करता था। उसको मेरा इवेंट में काम करना पसंद नहीं था। उसके कहने पर इवेंट में काम करना बंद कर दिया था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते फिर से इवेंट का काम करने लगी। इसको लेकर के वह मारता था। सिगरेट से जलाता था। प्राइवेट पार्ट में रिमोट डाल दिया था। रोती रहती थी पर वह बिल्कुल रहम नहीं करता था। पीड़िता ने बताया कुछ समय पहले वह एक इवेंट से घर लौट रही थी। आकाश ने फोन करके पूछा कहां हो, उसको अपनी लोकेशन बताई। वह अपनी गाड़ी से आया और जबरन गाड़ी में बैठ कर नैनीताल ले गया। जहां उसने जबरन संबंध बनाए। घरवालों को बताने तक नहीं दिया। लौट कर आए तो उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत करने जा रही थी। इस दौरान आकाश की मां ने हाथ-पैर जोड़कर के रिक्वेस्ट किया कि अब आगे से आकाश कोई गलती और बदतमीजी नहीं करेगा। लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। उसमें बताया है कि युवती के दाहिने हाथ में गोली लगी है। वह खतरे से बाहर है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच को लेकर डीएम के निर्देश: इकाना का होगा स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट, बनेगा कंट्रोल रूम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 17 दिसम्बर को भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मैच के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी विशाख जी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) बब्लू कुमार ने गुरुवार को इकाना स्टेडियम के पदाधिकारियों, ऑर्गनाइजर, बीसीसीआई अधिकारियों व यूपीसीए के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को स्टेडियम व आस-पास के क्षेत्र का स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम और इकाना स्टेडियम की टीमें संयुक्त रूप से स्टेडियम के बाहरी हिस्से में साफ-



सफाई एवं पार्किंग में पेयजल की व्यवस्था कराएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि परिसर में विभागों के बीच समन्वय के लिए कंट्रोल रूम बनाया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को शहीद पथ के सभी एंट्री और एग्जिट रैंप की मरम्मत कराने और नगर निगम को मार्ग प्रकाश की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी महेंद्रपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती, अपर नगर आयुक्त, डीसीपी साउथ, सीएफओ, डीसीपी ट्रैफिक व अन्य विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

## उप्र में अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त करने के लिए 15 दिसंबर तक करें आवेदन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाने और सिंचाई लागत कम करने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम)' के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के किसानों को 40,521 सोलर पंप अनुदान पर उपलब्ध कराने की घोषणा की है। योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान 15 दिसंबर तक कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.agriculture.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत केवल वही किसान पात्र होंगे, जिन्होंने पोर्टल पर पूर्व पंजीकरण कराया है। लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। राज्य सरकार ने इस योजना के सुचारू संचालन के लिये 20227.50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। सरकार का मानना है कि सोलर पंप ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए किफायती, पर्यावरणऽअनुकूल और निर्बाध ऊर्जा का साधन प्रदान करेंगे, जिससे किसानों का उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि होगी। इस वर्ष उपलब्ध कराए जाने वाले सोलर पंपों पर केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा बड़े पैमाने पर अनुदान दिया जा रहा है। विभिन्न श्रेणियों के पंपों पर अनुमोदित अनुदान में 2 एचपी डीसी/एसी सरफ़ेस पंप पर 98,593 तक का अनुदान, 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,00,215 का अनुदान, 2 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 99,947 का अनुदान, 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,33,621, 3 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,32,314 रुपये (राज्यांश 77,618 व केंद्रांश 54,696), 5 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,88,038 रुपये, 7.5 एचपी और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर अधिकतम 2,54,983 रुपये का अनुदान (राज्यांश 1,40,780, केंद्रांश 1,14,203) होगा।

# लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन की तैयारियां अंतिम चरण में

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के भव्य उद्घाटन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को इसका लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में दो लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है ।

इतनी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और जनसुविधाओं की व्यापक रूपरेखा तैयार कर ली है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर ने सभी विभागों के साथ बैठक कर तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर और बाराबंकी के जिलाधिकारी, साथ ही एलडीए , नगर निगम और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। लखनऊ जिलाधिकारी ने प्रस्तुति देकर संपूर्ण व्यवस्थाओं की रूपरेखा रखी, जबकि परिवहन से जुड़ी तैयारियां परिवहन विभाग के साथ समन्वय में तय की गईं। कार्यक्रम में आने वाले लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए सभी जिलों की बसों को रंग-कोड किया जाएगा। रूट, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी संबंधित जिले के डीएम और पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई है। सभी जिलों को 15 दिसंबर तक बसों, सुपरवाइजर्स और नोडल अधिकारियों का विवरण भेजने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) तरुण गाबा ने सुरक्षा ढांचे का निरीक्षण करते हुए पुलिस और खुफिया एजेंसियों को एक विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार करने का निर्देश दिया। प्रमुख मार्गों, पार्किंग क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके अलावा एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है, जबकि आपात स्थितियों से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस सिस्टम को मज़बूत किया गया है। बस इंचार्ज, नोडल अधिकारियों और जिला टीमों को जोड़ने के लिए डेडिकेटेड व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएंगे। सभी विभागों को अपने अद्यतन संपर्क विवरण निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मंडलायुक्त पंत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मंच, बैठने की व्यवस्था, प्रवेश-निकास द्वार, साइनज, पेयजल, शौचालय, फायर सेफ्टी, मेडिकल यूनिट, लाइटिंग और साफ-सफाई जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरी की जाएं। पीडब्ल्यूडी , नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और एलडीए को प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौंपनी होगी। पंत ने इसे ल्लराज्य की प्रतिष्ठा से जुड़ा आयोजनङ्क बताते हुए विभागों के बीच सख़्त समन्वय और समयबद्ध काम पर जोर दिया। गौरतलब है कि 6,300 वर्गमीटर में फैले राष्ट्र प्रेरणा स्थल के म्यूजियम ब्लॉक में पांच गैलरियां बनाई गई हैं। इनमें अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय समेत राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले प्रमुख नेताओं पर आधारित फोटोग्राफ, स्टोन म्युरल और डिजिटल ऑडियो-विजुअल पैनल प्रदर्शित किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सभी कार्य 20 दिसंबर तक पूरी तरह अंतिम रूप ले लेंगे।

# दिव्यांगों के लिए मददगार बनेंगे पुनर्वास केंद्र, शासनादेश जारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश के मंडल मुख्यालय के जनपदों में ''जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र'' खोलने का शासनादेश जारी हो गया है। राज्य सरकार द्वारा संचालित यह केंद्र दिव्यांगों के लिए मददगार बनेंगे। केंद्रों पर दिव्यांगों की खराब ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड साइकिल, कान की मशीन, कृत्रिम अंग आदि उपकरणों की मरम्मत करके दिए जाएंगे। इसके अलावा एक छत के नीचे दिव्यांगता का परीक्षण, कान की बेरा जांच व आंख की विशेष जांच, कार्यशाला ऑडियोलॉजी, स्पीचथेरेपी, फिजियोथेरेपी, कॉउंसलिंग भी की जाएगी। कृत्रिम अंग व तरह-तरह के उपकरण भी बनाकर वितरित किए जाएंगे। पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा। इससे दिव्यांगों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और खराब हो चुके उपकरण इस्तेमाल में लाए जा सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा संचालित केंद्रों में बजट का अभाव नहीं रहेगा और समय से मिलने पर दिव्यांगों को इसका लाभ मिलेगा। क्योंकि अब तक कुछ ही जिलों में केंद्र सरकार के केंद्र संचालित हैं। अक्सर बजट का अभाव रहता और देर सबेर मिलता है। सुविधाएं भी कम हैं। कर्मियों को वेतन भी समय से नहीं मिलता है। मंडलीय जिलों में पुनर्वास केंद्र सीएमओ कार्यालय परिसर या फिर आसपास बनेंगे। मंडल से जुड़े जिलों के दिव्यांग भी इसका लाभ उठाएंगे। केंद्र में



सेवाप्रदाता के माध्यम से आठ कार्मिक जैसे प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, पुनर्वास परामर्शदाता, प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट तकनीशियन, लिपिक सह लेखाकार, चपरासी व सुरक्षा कर्मी रखे जाएंगे। डीएम व सीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी चयन करेगी।

### इन जिलों में खुलेंगे केंद्र

लखनऊ, बरेली, कानपुर, आयोध्या, मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, गोंडा, गोरखपुर, झांसी, मेरठ, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, सहारनपुर व वाराणसी

### ये खरीदे जाएंगे उपकरण

केंद्र में शोल्डर व्हील, शार्ट वेव डयथर्मी, सॉकेट राऊटर, पैरेलल बार, स्टैरकेस एवं रैंप सेट, ऑडियोलॉजी टेस्टिंग मशीन, आर्थोटिस्ट, प्रोस्थेटिस्ट ओवन, पैराफिन वैक्स बाथ, इलेक्ट्रिकल स्टीमुलेटर, आईएसटी, मशीन, सीपी चेयर, थेरेपी बॉल, रिस्ट रोलर, फुट रॉकर बोर्ड, वर्टिकल सेंडिग यूनिट, कृत्रिम अंग बनाने की मशीन, मरम्मत करने के औजार आदि।

### एक नजर में केंद्रों की स्थिति

- 18 जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र
- एक केंद्र की स्थापना का प्रथम वर्ष बजट 49.96 लाख
- उपकरण स्थापना के लिए प्रथम वर्ष बजट 18.50 लाख।

# आयुक्त ने टीएचआर प्लांट व सीएचसी का निरीक्षण किया तथा चौपाल में समस्या सुनी




- पात्र लाभार्थियों की पेंशन समय पर उनके खाते में भेजें: आयुक्त
- शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण कराये और चिकित्कों से दवायें प्राप्त करें: विजय विश्वास पंत





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** आयुक्त लखनऊ मण्डल विजय विश्वास पंत ने जनपद भ्रमण के दूसरे दिन तहसील सण्डीला की ग्राम पंचायत बेगमगंज स्थिति टीएचआर प्लांट का निरीक्षण किया तथा वहां बच्चों के लिए बनने वाले पोषाहार के सम्बन्ध में जानकारी ली। इसके उपरान्त उन्होने सीएचसी बेगमगंज के जननी सुरक्षा केन्द्र, मरीज भर्ती वार्डो का निरीक्षण किया तथा मरीजों से अस्पताल से मिलनी वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा उपस्थित चिकित्सकों से वार्ता की। उन्होंने टीकाकरण, मात्तृव योजना आदि की जानकारी ली तथा एएनएम व आशा के रजिस्ट्रर एवं अभिलेखों को देखा और सीएचसी पर हो रहे आपरेशनों की प्रशंसा की तथा उपस्थित डाक्टरों को निर्देश दिये कि अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों के साथ अच्छा व्यवहार करें और समय-समय पर मरीजों की जांच कर निर्धारित दवायें उपलब्ध करायें।

इसके उपरान्त आयुक्त ने ग्राम पंचायत सचिवालय बेगमगंज भवन में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं के बारे मे पूछा। उन्होंने निराश्रित, दिव्यांग आदि पेंशनरों के सम्बन्ध में लाभार्थियों से बात की तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश सरकार से प्राप्त करने वाले सभी पात्र लाभार्थियों की पेंशन समय पर उनके खाते में भेजें। आयुक्त ने पंचायत भवन में स्वास्थ्य, लघु, स्वरोजगार, समाज कल्याण, दिव्यांग आदि विभागों द्वार लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया। आयुक्त ने आराधना स्वयं सहायता समूह के कार्यो की तारीफ की तथा अपने लिये समूह द्वारा बनाये गये हैट को लिया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि उक्त शिविरों में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराये और चिकित्कों से दवायें प्राप्त करें। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 भावनाथ पाण्डे, उप जिलाधिकारी न्यायिक सण्डीला संजय अग्रहरी, जिला विकास अधिकारी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पिहानी ब्लाक पंडरवा किला के लखनऊ में नेशनल स्कूल गेम्स में तकनीकी निर्णायक की जिम्मेदारी निभाएँगे अमित वर्मा

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**पिहानी (हरदोई)।** विकासखंड पिहानी के ग्राम पंडरवा के लिए गौरव का क्षण है। ग्राम स्थित अंबिका बख्श इंटर कॉलेज, पंडरवा किला हरदोई के शारीरिक शिक्षक अमित वर्मा का चयन 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में तकनीकी निर्णायक के रूप में किया गया है। यह प्रतियोगिता 13 से 17 दिसंबर तक स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में आयोजित होगी, जिसमें देशभर से प्रतिभाशाली एथलीट हिस्सा लेंगे।

राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी की भूमिका अत्यंत जिम्मेदार मानी जाती है। प्रतियोगिता के नियमों के पालन, निष्पक्ष संचालन और परिणामों की शुचिता सुनिश्चित करने की संपूर्ण जिम्मेदारी तकनीकी निर्णायक पर होती है।,अमित वर्मा इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में तकनीकी निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं, जिसके चलते उन्हें एक बार पुन: यह दायित्व सौंपा गया है।,उनके चयन से ग्राम पंडरवा और विकासखंड पिहानी क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक संजय खरे, प्रधानाचार्य सतगुरू प्रसाद वर्मा तथा विद्यालय परिवार ने अमित वर्मा को बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उनका कहना है कि अमित वर्मा का अनुभव और समर्पण निश्चित रूप से प्रतियोगिता की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण योगदान देगा। ग्रामवासियों सहित क्षेत्र के खेल प्रेमियों ने भी अमित वर्मा के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# किसान मजदूर संगठन की मासिक बैठक सम्पन्न



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**बघौली (हरदोई)।** आपको बताते चले किसान मजदूर संगठन की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष विकास चौहान के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें लगभग 100 किसान एवं मजदूर साथी उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के उपरांत अहिरोरी ब्लॉक से पहुँचे ADO एग्रीकल्चर को संगठन द्वारा 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मुख्य रूप से नहरों की सफाई एवं जलापूर्ति व्यवस्था, जर्जर सड़कों की मरम्मत, नालियों के निर्माण-सफाई तथा बघौली क्षेत्र में आधार कार्ड बनाए जाने एवं संशोधन केंद्र की तत्काल व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे। जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान शासन-प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। संगठन लगातार जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाता रहेगा।

बैठक में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष प्रियांशु सैनी, ब्लॉक प्रभारी अहिरोरी जीतेन्द्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष रोशन लाल, ब्लॉक अध्यक्ष रामजीवन, बालकराम, सराफत अली, टंडन, शुक्ला सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अराजक तत्वों ने खंडित की हनुमान जी की प्रतिमा, ग्रामीणों ने जताया रोष

राष्ट्रीय प्रस्तावना


हनुमान जी की खंडित प्रतिमा

**कछौना (हरदोई)।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बेरुआ गांव में शुक्रवार की सुबह उस समय तनाव का माहौल बन गया जब अराजक तत्वों ने स्कूल परिसर में लगी हनुमान जी की प्रतिमा की दोनों आंखों को खोद कर मूर्ति को खंडित कर दिया! सुबह जब ग्रामीणों ने मंदिर में लगी प्रतिमा को खंडित देखा तो आक्रोश फैल गया! देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और घटना के प्रति कड़ा रोष व्यक्त किया! ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल कोतवाली कछौना को दी! जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची! ग्रामीणों को शांत कराते हुए मौके का बारीकी से निरीक्षण किया और तत्काल विकृत मूर्ति को पूर्ववत करा दिया! ग्रामीणों का कहना है की घटना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है! जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा! अभी कुछ दिनों पूर्व टिकारी गांव के मंदिर में भी ऐसी ही एक अप्रिय घटना घट चुकी है! प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह ने बताया कि यह कृत्य शरारती बच्चों का प्रतीत होता है! जिसमें उन्होंने लेप को खुरचा है जिससे प्रतिमा खंडित हुई! जिसकी जाँच की जा रही है! फ्लिहाल मूर्ति को ठीक कराकर पहले जैसा कर दिया गया है! गांव में माहौल शांतिपूर्ण है!साथ ही पुलिस को सक्रिय कर दिया गया है ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो!

## एसपी के ट्रांसफर आदेश के बाद भी थाने में तैनात कॉन्सटेबल

**माधौगंज (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** थाना माधौगंज में दो वर्ष से अधिक समय बिता चुके कांस्टेबल का तबादला एसपी ने किया, नए थाने में उक्त कांस्टेबलो नही किया ज्वाइन। माधौगंज थाने में तैनात कांस्टेबल शिवम व आशीष कुमार यादव का दो वर्ष से अधिक समय हो जाने पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने 24 नवंबर को शिवम को थाना सुरसा व आशीष को थाना टड़ियावां, ट्रांसफर किया था। 14 दिन बीत जाने के बाद भी उक्त दोनों कांस्टेबल माधौगंज थाने में ही कार्य कर रहे उन्होंने दिए गए थाने में अभी तक ज्वाइन नही किया है। लोगो का कहना है कि ये दोनो कांस्टेबल कमाऊ पूत है इस लिए इन्हें रिलीफ नही किया जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से दिव्यांग की मौत

**कछौना (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लोन्हरा गांव के करीब लखनऊ हरदोई रेल मार्ग पर शुक्रवार की सुबह दिव्यांग युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई! प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह गाँव कोड़री मजरा लोन्हरा निवासी धर्मेंद्र पुत्र चेतराम उम्र लगभग 25 वर्ष शौच क्रिया के लिए खेतों की तरफ जाने के लिए निकला था! धर्मेंद्र को बचपन से ही दिखाई और सुनाई नहीं देता था! सुबह लगभग ०7:00 बजे ट्रेन की पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया! जिससे कट कर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई! मृतक के पिता चेतराम ने बताया कि धर्मेंद्र बचपन से ही दिव्यांग थाए जिसकी अभी शादी नहीं हुई थी! दो भाइयों में मृतक बड़ा था! हादसे के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है! सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है!


मृतक धर्मेंद्र का फ़ाइल फोटो

## मनचले को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसते हुए मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। पिहानी थाना की मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक दीक्षा यादव के अनुसार वह हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में थीं। मुखबिर से उन्हें सूचना मिली बस स्टैंड से करांवा तिराहे वाले रास्ते पर एक युवक आती जाती महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस रहा है।उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर युवक को अश्लील फब्तियां कसते हुए गिरफ्तार कर थाने ले गई। थाने पर पूछताछ में युवक ने अपना नाम साजन कश्यप पुत्र अशोक कश्यप निवासी बड़ा चौराहा कोटकलां बताया।पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

## किशोरी और युवती हुई लापता, आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक युवती और एक किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 14 वर्षीय पुत्री को 8 दिसंबर की शाम 6 बजे शाहाबाद थाना के ग्राम कचूरा निवासी कपिल पुत्र रामसिंह अपने पिताए मां रामदेवी और भाई जितेंद्र के सहयोग से बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।पिहानी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 19 वर्षीय पुत्री 10 दिसंबर की शाम करीब ०4:०० बजे अपने छोटे भाई के साथ किताबें लेने गई थी। पिहानी के गर्ग भट्टा के निकट शाहजहांपुर जनपद के सदर थाना क्षेत्र के चिनौर निवासी आकाश राना पुत्र कुंदनलाल चार पहिया वाहन से बहला फुसलाकर अपने साथ कहीं भगा ले गया है। परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

## दलित एक्ट में महिला सहित चार पर केस दर्ज, न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** न्यायालय के आदेश पर साढ़े चार माह बाद दलित एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया। मामले में एक महिला सहित चार लोगों पर केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम भदेऊना निवासी सियाराम पुत्र रामदास के अनुसार 30 जुलाई 2025 को उसके पुत्र कुलदीप के साथ विमलेश बाजपेई पुत्र राम प्रकाश बाजपेई का झगड़ा हो गया था। तब उसने थाने में तहरीर देकर शिकायत की। उसी दिन रात्रि में ०9:00 बजे विमलेश बाजपेई, राम प्रकाश बाजपेई, राजन और सुधा देवी एक राय होकर आए और उसे गाली गलौज करने लगे। मना करने पर विमलेश ने दाहिने हाथ पर चाकू मार दिया और सभी लोग मिलकर मारने पीटने लगे तथा जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने लगे और कहने लगे कि तेरी इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि तूने थाने में शिकायत की। पीड़ित के अनुसार ग्राम वासियों के हस्तक्षेप के बाद उपरोक्त लोग जान माल की धमकी देते हुए भाग गए। उसने घटना के बारे में बेहटा गोकुल पुलिस को बताया। बेहटा गोकुल पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की तब उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर उपरोक्त चारों दबंगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# ट्राई साइकिल/सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** शुक्रवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदोई में ट्राई साइकिल/ सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उप्र सरकार नितिन अग्रवाल, अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती पीके वर्मा व् भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कार्यक्रम का शुभारम्भ कर, दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल व् दैनिक उपयोगी सहायक उपकरण प्रदान किये। कार्यक्रम मे जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संजय कुमार निगम व् राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिवार सहित लाभार्थी दिव्यांगजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक को सीज किया


सीज किए गए ट्रक के साथ एसडीएम अंकित तिवारी — फोटोः राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** एसडीएम शाहाबाद अंकित तिवारी की एक ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक को सीज करने की कार्रवाई के बाद ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मच गया।

शुक्रवार को पूर्वाह्न एसडीएम अंकित तिवारी ने गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक पकड़ा और उसको सीज करने की कार्रवाई कर दी। एक सप्ताह पूर्व एसडीएम ने समस्त अधिकारियों को पत्र लिखकर ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन एसडीएम के आदेशों का किसी पर कोई असर नहीं हुआ। लोनी चीनी मिल के ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक सड़कों पर दौड़ते हुए दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए देखे जा सकते थे।

एसडीएम के निर्देश के बाद भी जब स्थित पहले जैसी ही बनी रही तो शुक्रवार को एसडीएम अंकित तिवारी ने हरदोई से आते वक्त हाईवे पर ककरघटा गांव के पास एक ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक को पकड़ा और सीज कर दिया। एसडीएम की इस कार्रवाई के बाद ट्रांसपोर्टरों में दहशत व्याप्त हो गई। ट्रकों के पहिए एकदम थम से गए हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-ररी, विकास खण्ड-पिहानी, जनपद-हरदोई

पत्रांक-मेमो/मनरेगा/2025-26 दिनाँक-12.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत-ररी, विकास खण्ड-पिहानी, हरदोई द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्न लिखित कार्यो पर सामग्री (सीमेण्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, ईट प्रथम श्रेणी, रोड़ा, पन्नी आदि) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनाँक-13.12.2025 से 19.12.2025 को 03:00 बजे तक पंचायत भवन से प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनाँक-19.12.2025 को समिति द्वारा साय 04:00 बजे पंचायत भवन में खोली जाएगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | रिंकू शुक्ला के घर से लोचन के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | 489875.00 |

नोट-
1- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3- बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें।
5- धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जायेगा।
6- कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7- प्राविधारित कार्यो की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

प्रधान
ग्राम पंचायत-ररी,
विकास खण्ड- पिहानी, हरदोई

सचिव
ग्राम पंचायत-ररी,
विकास खण्ड- पिहानी, हरदोई

## चुनाव सुधार पर अहम चर्चा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी वोट चोरी के कृत्य को अंजाम देकर सबसे बड़ा देशविरोधी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और संघ द आइडिया ऑफ इंडिया यानी भारत की अवधारणा को नष्ट कर रहे हैं। राहुल गांधी पहले भी वोट चोरी के इल्जाम लगाते हुए कई सबूत भी पेश कर चुके हैं, जिनमें महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ियां सामने आई हैं। नेता प्रतिपक्ष के इन आरोपों पर भाजपा ने हमेशा चुनाव आयोग का बचाव किया है और खुद चुनाव आयोग ने भी इन आरोपों का तार्किक जवाब देने की जगह इन पर फ़ेक का ठप्पा लगाकर खारिज कर दिया है। लेकिन लोकतंत्र इतने उथलेपन के साथ नहीं चल सकता कि विपक्ष के आरोपों को गलत कहकर अपनी जिम्मेदारी से बरी हुआ जाए। सरकार और चुनाव आयोग दोनों को इस बात का जवाब देना होगा कि आखिर मतदाता सूची में तथाकथित शुद्धिकरण की जरूरत अभी क्यों पड़ी है। बिहार के बाद चुनाव आयोग ने देश के 12 और राज्यों में मतदाता सूची का एसआईआर करवाया है, आज यानी 11 तारीख को एसआईआर के लिए फॉर्म भरने की आखिरी तारीख है। पहले यह मियाद 4 दिसंबर तक थी, लेकिन जब चुनाव आयोग को खुद यह समझ आया कि इतनी जल्दी करोड़ों मतदाताओं की सूची फिर से तैयार नहीं हो सकती तो तारीख आगे बढ़ाई गई। हालांकि विपक्ष पहले ही इस जल्दबाजी पर सवाल उठा रहा था। एसआईआर का मामला अदालत में भी है, लेकिन चुनाव आयोग ने न बिहार चुनाव के वक्तविपक्ष की आपत्तियों और लोगों की तकलीफों पर ध्यान दिया न अब दे रहा है। इस बीच एसआईआर के काम में लगे कई बीएलओज की अकाल मौत या गंभीर रूप से बीमार होने की खबरें आ चुकी हैं। मगर चुनाव आयोग ने यह माना ही नहीं कि बीएलओज पर काम का या कुछ खास समुदायों के वोट काटने का दबाव है। एसआईआर से जुड़े ऐसे कई सवालों पर विपक्ष सदन में भी चर्चा चाहता था ताकि देश को इस बारे में सरकार का आधिकारिक नजरिया पता चले। पिछले मानसून सत्र में विपक्ष की इस मांग को सरकार ने टाल दिया था, लेकिन शीतकालीन सत्र में सरकार अपनी जिद पर टिक नहीं पाई। एसआईआर तो नहीं लेकिन चुनाव सुधार के नाम पर चर्चा के लिए सरकार राजी हुई। अब इसमें विपक्ष ने जो मुद्दे उठाए हैं, उनके बेतुके जवाब भाजपा दे रही है।गौरतलब है कि राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान न केवल एसआईआर की बात की, बल्कि भाजपा और संघ के लोकतंत्र से खिलवाड़ पर हमला भी किया। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद इनके श्प्रोजेक्टश का अगला हिस्सा भारत के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का था। राहुल ने दावा किया, आरएसएस ने एक-एक करके संस्थाओं पर कब्जा शुरू कर दिया। सब लोग जानते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति कैसे होती है। निर्वाचन आयोग, विश्वविद्यालयों, खुफिया एजेंसियों, जांच एजेंसियों और आयकर विभाग जैसी संस्थाओं पर कब्जा किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि देश 1.5 अरब लोगों का ताना-बाना है जो वोट के माध्यम से बुना हुआ है। अगर वोट का ही मतलब नहीं रह जाएगा तो लोकसभा, विधानसभा या पंचायत, किसी का कोई अस्तित्व नहीं रह जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त की चयन प्रक्रिया से अब मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयु (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत तीन सदस्यीय चयन समिति में अब प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं। इस पर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इस सरकार ने दिसंबर 2023 में कानून बदल दिया ताकि अपनी मर्जी से नियुक्ति हो। किसी चुनाव आयुक्त को उसके फैसलों के लिए दंडित नहीं किया जा सके। राहुल ने पूछा कि आखिर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को इसकी जरूरत क्यों पड़ी। उन्होंने दावा किया कि इतिहास में किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया।राहुल की तरह कुछ और विपक्षी सांसदों ने भी यही सवाल सदन में किया। जिसके जवाब में अब रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि हम सभी न्यायपालिका का सम्मान करते हैं।

**राहुल गांधी पहले भी वोट चोरी के इल्जाम लगाते हुए कई सबूत भी पेश कर चुके हैं, जिनमें महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ियां सामने आई हैं। नेता प्रतिपक्ष के इन आरोपों पर भाजपा ने हमेशा चुनाव आयोग का बचाव किया है और खुद चुनाव आयोग ने भी इन आरोपों का तार्किक जवाब देने की जगह इन पर फ़ेक का ठप्पा लगाकर खारिज कर दिया है। लेकिन लोकतंत्र इतने उथलेपन के साथ नहीं चल सकता कि विपक्ष के आरोपों को गलत कहकर अपनी जिम्मेदारी से बरी हुआ जाए।**

## गर्व, गरिमा और गौरव का अवसर है दीपावली का विश्व विरासत सूची में शामिल होना

प्रमोद दीक्षित मलय

**अमूर्त धरोहर मानव जीवन से जुड़े वे पारम्परिक शिल्प कौशल, व्यवहार, नाट्य कला प्रदर्शन, सामाजिक रीति एवं प्रथाएं, अनुष्ठान, प्रकृति से जुड़ा लोक ज्ञान जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होता हो तथा मौखिक शास्त्रीय वाचन आदि हैं जो मानवीय मूल्यों, संस्कृति-सभ्यता का रक्षण कर वैश्विक पहचान स्थापित करें। अमूर्त धरोहरें अनुभूतिपरक होती हैं, उनका स्पर्श एवं दर्शन सम्भव नही। दीपावली के पूर्व 15 अमूर्त धरोहरों को स्थान मिला चुका था जिनमें गरबा, दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, योग, वैदिक मंत्र पाठ, कुटियाट्टम नाट्य कला, छाऊ लोकनृत्य, कालबेलिया नृत्य, रामलीला, लद्दाख का बौद्ध जप अनुष्ठान, मणिपुर भक्ति संकीर्तन, राममन कला, पंजाब की पीतल-तांबे से बर्तन बनाने की पारम्परिक लोककला आदि हैं। स्थूल सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों में अंजता-एलोरा की गुफाएं, आगरा किला एवं ताजमहल, हम्पी स्मारक, कोणार्क सूर्य मंदिर, महाबलीपुरम मंदिर, भीमबेटका शैल चित्र, एलिफैंटा गुफाएं, फतेहपुर सीकरी, गोवा के गिरजाघर व मठ, खजुराहो के मंदिर, सांची स्मारक, चोल मंदिर, हुमायूं का मकबरा, मानस वन्यजीव अभ्यारण्य, जंतर-मंतर जयपुर, पश्चिमी घाट, राजस्थान के किले, रानी की बावड़ी, अहमदाबाद एवं जयपुर शहर, सुंदर वन, महाबोधि मंदिर गया, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, शांतिनिकेतन तथा नालंदा महाविहार आदि स्थल शामिल हैं।**

संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा 16 नवम्बर, 1945 को स्थापित एक विशेष शाखा 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (यूनेस्को) की अंतर सरकारी अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर समिति की लाल किला, नई दिल्ली में आयोजित 20वीं बैठक में घोषित नये विश्व विरासत सूची में दीपावली पर्व का शामिल किया जाना हर भारतीय के लिए गर्व, गरिमा एवं गौरव का आनंददायी अवसर है, साथ ही वैश्विक संदर्भ में सनातन संस्कृति की प्रतिष्ठा, प्रखरता एवं प्रदीप्ति की मानवीय भावदृष्टि वसुधैव कुटुम्बकम् की मधुरता एवं आत्मीयता के विशेष संदेश का सम्प्रेषण भी है। विश्व विरासत सूचिका के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर वर्ग में शामिल भारत की 16वीं धरोहर दीपावली प्रकारांतर से लोक-मंगल के आराधक श्रीराम की जागतिक भूमिका की स्वीकृति है, क्योंकि लंका विजय पश्चात अयोध्या आगमन पर नगरवासियों ने गोघृत के दीप जला कर न केवल उनका स्वागत वंदन अभिनंदन किया था बल्कि प्रकाश के माध्यम से एक राजपुरुष की व्यष्टि से समष्टि की, वामन से विराट की सामाजिक एवं सांस्कृतिक यात्रा तथा लोक सम्पर्क एवं लोक संग्रह से निरंकुश सर्वोच्च अमानवीय सत्ता पर वनवासी-गिरिवासी समाज की विजय का यशोगान भी किया है। राम व्यक्ति नहीं एक संस्कृति हैं, सहकार भाव हैं। राम मानवीय मूल्यों का सर्वोच्च शिखर हैं जहां संवेदना, सह-अस्तित्व, सख्य, स्वीकृति, समन्वय, सम्बल एवं समानुभूति का इंद्रधनु मुस्कुरा रहा है, जहां करुणा का ध्वज अपनी आभा से दैदीप्यमान हो फहर रहा है। वस्तुतः श्रीराम मानवीय आचरण की गरिमा का आख्यान हैं। राम भारत की आत्मा हैं, प्राण हैं एवं सनातन संस्कृति के आधार तत्व भी है।? दीपावली राम के आदर्शमय जीवन एवं लोक व्यवहार की संवाहिका है। दीपावली का प्रकाश समता, समरसता के साथ ज्ञान की साधना का परिचायक है। दीपावली का विश्व धरोहर में चुना जाना न केवल विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगा, अपितु दीपोत्सव के सांस्कृतिक वैभव से परिचित भी कराएगा।


अमूर्त धरोहर मानव जीवन से जुड़े वे पारम्परिक शिल्प कौशल, व्यवहार, नाट्य कला प्रदर्शन, सामाजिक रीति एवं प्रथाएं, अनुष्ठान, प्रकृति से जुड़ा लोक ज्ञान जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होता हो तथा मौखिक शास्त्रीय वाचन आदि हैं जो मानवीय मूल्यों, संस्कृति-सभ्यता का रक्षण कर वैश्विक पहचान स्थापित करें। अमूर्त धरोहरें अनुभूतिपरक होती हैं, उनका स्पर्श एवं दर्शन सम्भव नही। दीपावली के पूर्व 15 अमूर्त धरोहरों को स्थान मिला चुका था जिनमें गरबा, दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, योग, वैदिक मंत्र पाठ, कुटियाट्टम नाट्य कला, छाऊ लोकनृत्य, कालबेलिया नृत्य, रामलीला, लद्दाख का बौद्ध जप अनुष्ठान, मणिपुर भक्ति संकीर्तन, राममन कला, पंजाब की पीतल-तांबे से बर्तन बनाने की पारम्परिक लोककला आदि हैं। स्थूल सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों में अंजता-एलोरा की गुफाएं, आगरा किला एवं ताजमहल, हम्पी स्मारक, कोणार्क सूर्य मंदिर, महाबलीपुरम मंदिर, भीमबेटका शैल चित्र, एलिफैंटा गुफाएं, फतेहपुर सीकरी, गोवा के गिरजाघर व मठ, खजुराहो के मंदिर, सांची स्मारक, चोल मंदिर, हुमायूं का मकबरा, मानस वन्यजीव अभ्यारण्य, जंतर-मंतर जयपुर, पश्चिमी घाट, राजस्थान के किले, रानी की बावड़ी, अहमदाबाद एवं जयपुर शहर, सुंदर वन, महाबोधि मंदिर गया, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, शांतिनिकेतन तथा नालंदा महाविहार आदि स्थल शामिल हैं। विश्व धरोहर सूची में दुनिया में भारत छठे क्रम पर है जिसकी कुल 45 धरोहरें सूचीबद्ध हुई हैं। विश्व धरोहर स्थल वे सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक रचनाएं हैं जिनको ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक महत्व एवं अवदान कारण यूनेस्को की एक अंतरराष्ट्रीय संधि के तहत कानूनी संरक्षण प्राप्त होता है। सम्पूर्ण मानवता के लिए असाधारण योगदान के कारण उनको अमूल्य माना गया है। इसके अंतर्गत प्राचीन खंडहर, ऐतिहासिक भवन एवं महल, किले, शहर, रेगिस्तान, गुफाएं, द्वीप, झीलें, स्मारक, पहाड़, निर्जन क्षेत्र एवं अमूर्त विचार-दर्शन, पर्व-त्योहार आदि परिगणित हैं। नई दिल्ली बैठक, दिसम्बर-2025 तक 170 देशों के 1250 से अधिक धरोहरों को विश्व विरासत सूची में सम्मिलित किया गया है। 16 नवम्बर, 1972 को विश्व धरोहर सम्मेलन में विश्व धरोहरों को सूचीबद्ध कर संरक्षित करने काम हाथ लिया गया था। इसके अंतर्गत सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं मिश्रित धरोहरों को चिह्नित कर मानवीय अतिक्रमण, पालतू एवं वन्यजीवों द्वारा नुकसान से बचाव एवं प्राकृतिक आपदाओं से इन धरोहरों का संरक्षण एवं रखरखाव का काम किया जाता है। साथ ही डिजिटल एवं सामान्य दस्तावेजीकरण कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार कर सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाता है ताकि पारस्परिक समझ एवं योगदान से सांस्कृतिक समृद्धि का कोष पल्लवित होता रहे। भारत ने 14 नवम्बर, 1977 को विश्व धरोहर सम्मेलन के प्रस्तावों को स्वीकार किया था। किसी धरोहर को सूची में आने के लिए निर्धारित दस मानदंडों में से न्यूनतम एक मानदंड को पूरा करना होता है। सर्वप्रथम सदस्य देश अपनी धरोहर को अस्थायी सूची में पंजीकरण हेतु आवेदन करते हैं, तत्पश्चात वार्षिक बैठक में विचार-विमर्श से निर्णय लेकर घोषणा की जाती है। यूनेस्को द्वारा धरोहरों का संरक्षण मानवता के लिए अप्रतिम योगदान है, जिससे काल के प्रवाह से इन महत्वपूर्ण स्थलों को बचाकर आगामी पीढ़ी को हस्तांतरित किया जाता रहेगा और अपनी विरासत पर गर्व करने के पल सहज प्राप्त होते रहेंगे।

## दिल्ली का मटका हाउस और अंग्रेजी राज की एक सनसनीखेज़ 'क़त्ल कथा'!



राजशेखर त्रिपाठी




सुरेन्द्र मोहन पाठक के साथ हिंदी में जासूसी लेखन का 'ख़त्मे नबूवत' मान लिया गया था। ख़त्मे नबूवत का मतलब डिटेल में जानना हो तो किसी मुसलमान दोस्त से संपर्क करिए। शॉर्ट में समझना हो तो ये कि मुहम्मद साहब यानि रसूल (स.अ.) अल्लाह के आख़िरी नबी माने गए, पैगम्बरों का सिलसिला उन्हीं के साथ ख़त्म हो गया। हिंदी के लोकप्रिय लेखन में भी पाठक जी के साथ ही 'थ्रिलर राइटिंग' ख़त्म मान ली गयी थी। मगर कोविड के दौरान और उसके बाद अचानक क्या हुआ कि, हिंदी में जासूसी किस्सों की बाढ़ आ गयी। ये बूम क्यों और कैसे आया ये शोध का विषय है! इसमें करवट बदलते हिन्दी के प्रकाशन उद्योग का कितना हाथ है, और कितना उन विदेशी प्रकाशकों का जो 'बर्नाक्युक्लर' में हाथ आजमाने को बेकरार थे...कहना मुश्किल है। हालांकि इनमें बहुत सारा कूड़ा ही था, लेकिन कुछ फिक्शन सचमुच बांधने वाले और शानदार थे। मैं इसमें उनकी गिनती करता हूं, जिनका बैक ग्राउंड हद तक रीयल था, या फिर ऐतिहासक है।

इसी बाढ़ और शोर में एक किताब ऐसी भी आयी जिस पर चर्चा अपेक्षाकृत कम हुई है। ये किताब है गोपाल शुक्ला की मेटकाफ़ हाउस' ! गोपाल शुक्ला का रिश्ता टीवी की क्राइम कथा से रहा है। किस्सों की झलकी सजाने के वो पहले ही माहिर हैं, मगर अंग्रेजी राज की एक कहानी को वो इतने बेहतरीन ढ़ंग से पेश करेंगे, इसका भरोसा नहीं था। 'मेटकाफ हाउस' दिल्ली में अंग्रेजों का बनाया एक शानदार बंगला था। इस बंगले में गदर से पहले और बहादुर शाह ज़फ़र के ज़माने में अंग्रेजों के नायब रेजीडेंट और मुगल दरबार में एजेंट थॉमस मेटकॉफ रहा करते थे। शाहजहानाबाद वाले अपनी जबान की सुविधा के लिए, जिसे मुख-सुख भी कहते हैं, इस बंगले को मटका हाउस कहा करते थे। आज भी मटका हाउस सिविल लाइन इलाके में मौजूद है , जिसमें डीआरडीओ का दफ्तर है। गदर के दौरान मेरठ से आए बागी सिपाहियों ने उन्हें दिल्ली से भागते हुए मार गिराया था। मगर ये किस्सा ग़दर से पहले सन 1835 का है, लिहाज़ा उस कहानी के ज़िक्र का कोई मतलब नहीं। ये किस्सा है तब के रेजीडेंट विलियम फ्रेजर का, जिनका उनकी कोठी के ठीक बाहर कत्ल कर जिया गया और फिर शुरु हुई जांच कि क़ातिल कौन ? जांच का सेंटर था यही 'मटका हाउस' ! कहानी में एक तरफ़ केस को सॉल्व करने की थ्रिल से भरी जद्दोजहद है। कई तरह के दिल्ली वाले हैं, जिनमें एक ऐसा भी है जो केवल टॉपों के निशान देख कर घोड़े की पूरी कुंडली खोल सकता है। दूसरी ओर अंग्रेज साहब बहादुरों का 'इंडियन फ्यूडल एलीट' (नवाबों और सामंतों ) के साथ रिश्ता है, जो बताता है कि अंग्रेज सिर्फ़ भारतीयों पर अत्याचार ही नहीं कर रहे थे ! भारत में लंबा राज करने के लिए अंग्रेज खुद को लोकल कल्चर के मुताबिक ढाल भी रहे थे। इस पर अंग्रेजी में बहुत सी शोध परक किताबें पहले से मौजूद हैं- आप चाहें तो खोज कर पढ़ सकते हैं। साहब बहादुर अचकन और शेरवानी पहनने लगे थे, दुपलिया टोपी लगाने लगे थे। होठों के एक कोने से पान की पीक बहती रहती थी। मसालेदार खाने के शौक़ीन हो चुके थे और देसी सामंतों की सोहबत में लोकल शराब भी पीने लगे थे। और तो और तवायफों के यहां सिर्फ मुजरा ही नहीं सुन रहे थे, मौसिक़ी के साथ आशिक़ी के रिश्ते भी बना रहे थे। एक बात और उर्दू का लेखन और उसका भाषा प्रवाह अपने साथ बहाने वाला और बांध कर रखने वाला दोनों होता है। कहानी चूंकि शाहजहानाबाद की है, चांदनी चौक और कश्मीरी गेट की है। नवाबों और तवायफों की भी है। गोपाल शुक्ला ने अपनी ज़बान का 'साउंड बेस' और 'फ़्लो' भी उस दौर की उर्दू वाला ही रखा है। इसमें रेख़्ते के उस्ताद ग़ालिब एक और ही शक़्ल में बरामद होते हैं। मज़े की बात ये कि गोपाल शुक्ला का ये जासूसी उपन्यास क्लाइमेक्स तक ऐसे नहीं पहुंचता कि... विजय हथियार फेंक दो, पुलिस ने तुम्हें चारों ओर से घेर लिया है। या फिर कत्ल तुम्हीं ने किया है इसका पर्दाफ़ाश हो चुका है, बेहतर है सरेंडर कर दो' दरअसल जितनी उलझी क़त्ल की कहानी है, उससे जटिल इसका अंत है। आप अंत तक पहुंचते ऽ पहुंचते लगभग सब समझ चुके है, लेकिन लेखक अपने कलम से कुछ नहीं कहता है। जो कहता है पूरा उपन्यास कहता है, लिहाज़ा क़त्ल और कल्चर का ये समानान्तर बयानिया, पढ़ना दिलचस्प है। हां, एक शिकायत है। इधर के दिनों में जो नए प्रकाशक आए हैं वो अच्छी साज-सज्जा के साथ, बेहतर काग़ज़ पर 'सूदिंग फॉन्ट' में किताबें तो छाप रहे हैं। मगर उनके पास प्रकाशन से पहले पांडुलिपी पढ़ने के लिए एक अदद संपादक नहीं है। ये कमी गोपाल शुक्ला की मेटकॉफ़ हाउस में ही नहीं....इस 'जौनरा' की ढेर सारी किताबों में नज़र आयी है। उम्मीद है प्रकाशक इस पर गौर करेंगे ।


## मैकाले ने किस तरह ज़हरीली मानसिकता और अमानवीय रवैया दिखाया

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

मैकाले कोई इंडोलॉजिस्ट नहीं था। वह कोई शिक्षाविद् या जाने-माने बुद्धिजीवी नहीं थे। फिर भी, उन्होंने भारत के सामाजिक और शैक्षिक ढांचे को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया। वह निःस्संदेह आत्महीनता की मानसिकता के सबसे बड़े दोषी थे, जो आज भी हिंदू समुदाय को परेशान करती है। उन्होंने हिंदू दिमाग में अपनी महान साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति नफरत सफलतापूर्वक भर दी। संस्कृत को पुराना बताकर और अंग्रेजी की तारीफ कर मैकाले का मकसद न सिर्फ पहली भाषा को बदलना था बल्कि उसके लिए नफरत के बीज भी बोना था। इससे एक तरह की सांस्कृतिक गुलामी पैदा हुई, जिसमें हिंदू समाज ने पश्चिमी मूल्यों को आँख बंद करके अपना लिया। संस्कृत के बाद में हुए पतन से सांस्कृतिक और बौद्धिक पूंजी का भारी नुकसान हुआ, जिससे भारत का सामाजिक माहौल अपरिवर्तनीय रूप से बदल गया। मैकाले की थोपी गई नीति ने भारत में एक तरह की अंग्रेजी भाषाई और सांस्कृतिक गुलामी को जन्म दिया। गुरुकुल प्रणाली, जो पीढ़ियों से भारतीय शिक्षा की नींव रही थी, धीरे-धीरे हाशिये पर चली गई। संस्कृत, दर्शन, आयुर्वेद और शास्त्रीय कला जैसे पारंपरिक विषयों, जो गुरुकुल पाठ्यक्रम के लिए ज़रूरी थे, उसे नज़रअंदाज़ कर दिया गया। इस नीति के कारण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का धीरे-धीरे पतन हुआ। गुरुकुल प्रणाली न सिर्फ अकादमिक शिक्षा देती थी बल्कि नैतिक आदर्श, सांस्कृतिक परंपराएं और आध्यात्मिक अभ्यास भी सिखाती थी। मैकाले की नीति, जिसने पश्चिमी सिद्धांतों पर ज़ोर दिया, उसने इन तत्वों को खत्म कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षित अभिजात वर्ग में सांस्कृतिक पहचान का नुकसान हुआ। कई स्थानीय शिक्षक और बुद्धिजीवी जो पारंपरिक ज्ञान के संरक्षक थे, उन्हें हटा दिया गया। उनके कौशल और प्रतिभा को कम आंका गया, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक शिक्षकों की स्थिति और संख्या में कमी आई। ध्यान समग्र शिक्षा से हटकर रटने और परीक्षा-उन्मुख पढ़ाई पर चला गया। गुरुकुल प्रणाली का छात्रों के पूर्ण विकास (लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए) पर ज़ोर शिक्षा के एक सीमित, उपयोगितावादी दृष्टिकोण में बदल गया। भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा, खासकर उसका अभिजात वर्ग, बहुत ज़्यादा पश्चिमी हो गया। इसके परिणामस्वरूप अंग्रेजी में शिक्षित लोगों और पारंपरिक तरीकों का पालन करने वालों के बीच एक सामाजिक-सांस्कृतिक विभाजन पैदा हुआ। यह विभाजन आज भी बना हुआ है, जो सामाजिक-आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। अंग्रेजी पर ज़ोर देने से शैक्षिक और प्रशासनिक संदर्भों में स्वदेशी भाषाओं के उपयोग में गिरावट आई। इससे साहित्य और मौखिक परंपराओं के कई पारंपरिक रूपों का धीरे-धीरे विलुप्त होना शुरू हो गया। लगातार आने वाली पीढ़ियों में पहचान का संकट था, जो पश्चिमी प्रभावों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच बंटी हुई थीं। नतीजतन, बहुत से लोगों में अपनी जड़ों पर गर्व की कमी है और वे पश्चिमी जीवन शैली और आदर्शों को पसंद करते हैं। स्कूल सिस्टम का पश्चिमी तौर-तरीकों के साथ तालमेल होने से पश्चिमी ज्ञान प्रणालियों और तरीकों पर निर्भरता बढ़ गई। इससे क्रिएटिविटी और मौजूदा चिंताओं के लिए स्थानीय समाधानों के विकास में रुकावट आई। अंग्रेजी पढ़े-लिखे एलीट वर्ग को आर्थिक अवसरों तक ज़्यादा पहुंच मिली, जिससे सामाजिक और आर्थिक असमानता और बढ़ गई। जो लोग अंग्रेजी में माहिर नहीं थे, वे नुकसान में थे, जिससे गरीबी और हाशिए पर रहने का सिलसिला जारी रहा। भारतीय आंतरिक, अक्सर आसानी से उपलब्ध संसाधनों, जैसे पारंपरिक ज्ञान, समझ और प्राकृतिक संसाधनों से पूरी तरह अप्रभावित हैं, लेकिन वे बाहरी संसाधनों, जैसे पश्चिमी तरीकों, जानकारी और बाजारों के आदी हो गए हैं। एक अनुमान के अनुसार, प्राचीन भारत में एक समय 50 से ज़्यादा विश्वविद्यालय थे। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी विश्वविद्यालय, ओदंतपुरी, मिथिला विश्वविद्यालय, तेलहारा विश्वविद्यालय, शारदापीठ मंदिर विश्वविद्यालय, पुष्पगिरि विश्वविद्यालय, सोमपुरा विश्वविद्यालय और बिक्रमपुर विश्वविद्यालय कुछ जाने-माने संस्थान हैं। तक्षशिला के कुछ जाने-माने पूर्व छात्रों में व्याकरणविद् पाणिनी शामिल हैं, जिन्होंने क्लासिक पुस्तक अष्टाध्यायी लिखी थी और आचार्य चाणक्य, जिन्होंने अर्थशास्त्र की रचना की थी। इस पहले अध्ययन में, डब्ल्यू. एडम्स ने देखा कि 1830 के दशक के दौरान बंगाल और बिहार में लगभग 1,00,000 गाँव में स्कूल थे। मद्रास प्रेसीडेंसी के गवर्नर थॉमस मुनरो ने एडम्स से पहले देखा था कि ''हर गाँव में एक स्कूल था।'' प्रेंडरगास्ट ने देखा कि ''हमारे पूरे क्षेत्रों में शायद ही कोई गाँव हो, बड़ा या छोटा, जिसमें कम से कम एक स्कूल न हो और बड़े गाँवों में ज़्यादा।'' 1882 में डॉ. जी.डब्ल्यू. लीटनर के अवलोकन से पता चलता है कि पंजाब में लगभग साल 1850 में शिक्षा इसी स्तर तक फैली हुई थी। थॉमस मुनरो ने इन गुरुकुलों में पढ़ने वाले छात्रों के जातिगत डेटा भी एकत्र किए और उनमें से अधिकांश गैर-ब्राह्मण थे। कुछ इलाकों में, ब्राह्मणों की संख्या केवल 8% थी, जबकि सबसे ज़्यादा संख्या लगभग 37% थी। धर्मपाल की किताब ''द ब्यूटीफुल ट्री'' में यह सारी जानकारी है। गुरुकुल प्रणाली बच्चे की समग्र शिक्षा सुनिश्चित करती है। गुरुकुल प्रणाली द्वारा पढ़ाए जाने वाले मुख्य विषय इस प्रकार हैंः खगोल विज्ञान, दर्शनशास्त्र, गणित, विज्ञान, धर्मसूत्र (कानूनों का अध्ययन), अर्थशास्त्र (राजनीति विज्ञान), आयुर्वेद (चिकित्सा), धनुर्वेदम् (रक्षा अध्ययन), वेद, वेदांग। ये गुरुकुलों में पहले पढ़ाए जाने वाले कुछ ही पाठ्यक्रम हैं। संगीत और मिट्टी के बर्तन बनाने सहित और भी बहुत कुछ है। गुरुकुल प्रणाली के प्राथमिक लाभों में से एक कौशल का विकास है। गुरुकुल प्रणाली का लचीलापन इसे आज की तेज़ी से बदलती परिस्थितियों में एक व्यवहार्य विकल्प बनाता है। भारत में क्या हुआ? भारतीय शिक्षा के लिए रखे गए एक लाख रुपये की मामूली रकम से भी विदेशी ईसाई मिशनरी नाराज़ हो गए। जी.डी. ट्रेवेलियन के अनुसार ''लाइफ ऑफ लॉर्ड मैकाले'' (वॉल्यूम 1, पृष्ठ 164) में 1835 में एक नए भारत का जन्म हुआ। अंग्रेजों ने वित्तीय संसाधन कम कर दिए और कई नियम लागू किए, जैसे ''पक्की इमारत होनी चाहिए वगैरह।'' लेकिन, यह अंत नहीं था। उन्होंने टी.बी. मैकाले को बुलाया ताकि यह तय किया जा सके कि पैसे का इस्तेमाल कैसे किया जाए, शिक्षा का माध्यम क्या होना चाहिए और भारतीयों को शिक्षित करने का तरीका क्या होना चाहिए। मैकाले के शिक्षा संबंधी मिनट्स, जिसमें यह अनिवार्य किया गया था कि भारत पश्चिमी भाषा, अंग्रेजी के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करे, उसने वह कर दिखाया जो सिकंदर और पश्चिमी मिशनरी नहीं कर पाए थे।'' जिससे प्राचीन सभ्यता की मूलभूत नींव हिलने लगी। मैकाले ने कुछ और भी ज़्यादा नुकसानदायक किया जिसे ज़्यादा लोग नहीं समझते। उसने भारतीयों को पढ़ाने के लिए ''डाउनवर्ड फिल्ट्रेशन मेथड'' का इस्तेमाल किया। यह तकनीक क्या है? मैकाले की समस्या यह थी कि भारतीय बहुत ज़्यादा थे और अंग्रेज बहुत कम। वे भारतीयों को कैसे पढ़ाने वाले थे? इस देश को इस हद तक कैसे कमज़ोर किया जा सकता था कि वह अनजाने में ब्रिटिश राज का समर्थन करे? कहानी यह है कि एक बार जब वह ऊटी में अपने महल में थे, तो उन्होंने देखा कि एक भारतीय अधिकारी उनके घर के पास उनके ऑफिस के बाहर बैठे एक चपरासी के पैर छू रहा था और वह ज़ाहिर तौर पर हैरान रह गए। एक अधिकारी एक चपरासी के पैर क्यों छू रहा था? ''आप नहीं जानते, यह भारतीय समाज एक अजीब समाज है। यहां ब्राह्मणों का सम्मान किया जाता है और चपरासी उसी जाति का है।'' इसके बाद, मैकाले ने कुछ बदलाव किए जिन्हें पब्लिकेशन में अच्छी तरह से रिकॉर्ड और वेरिफाई किया गया है। हालांकि इसे बहुत बाद में डेवलप किया गया था लेकिन डाउनवर्ड फिल्ट्रेशन अप्रोच के तहत स्कूलों में ऊंची जाति को फायदा दिया गया। उन्होंने कहा, ''लेकिन हमारे सीमित साधनों से सभी को अंग्रेजी में पढ़ाना हमारे लिए नामुमकिन है।'' फिलहाल, हमें ऐसे लोगों का एक वर्ग बनाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए जो बुद्धि, नैतिकता, पसंद और विचारों में अंग्रेजी हों, लेकिन खून और रंग में भारतीय हों। हमें यह तय करने के लिए कि वह अपने मकसद में कितना सफल हुआ, बस तब से भारत में पढ़े-लिखे वर्गों के इतिहास की जांच करने की ज़रूरत है। 12 अक्टूबर, 1836 को लिखे एक पत्र में, मैकाले ने अपने पिता को लिखाः ''हमारे इंग्लिश स्कूल बहुत अच्छी तरह से फल-फूल रहे हैं; हमें सभी को शिक्षा देना मुश्किल हो रहा है।'' इस शिक्षा का हिंदुओं पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। जिस भी हिंदू ने इंग्लिश शिक्षा प्राप्त की है, वह कभी भी अपने धर्म के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध नहीं रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि अगर हमारी शैक्षिक योजनाएँ पूरी हो गईं, तो 30 सालों में सम्मानित वर्गों में कोई मूर्तिपूजक नहीं रहेगा। यह हमारे धर्म परिवर्तन के प्रयासों के बिना ही पूरा हो जाएगा; मैं इस संभावना से बहुत खुश हूँ। थॉमस मैकाले द्वारा संस्कृत साहित्य के समृद्ध भंडार को पूरी तरह से खारिज करना या तो घोर अज्ञानता को दर्शाता है, या, अधिक संभावना है, इसकी गहराई और महत्व के प्रति जानबूझकर किया गया अनादर। उनका यह दावा कि संस्कृत साहित्य में सभी ऐतिहासिक सामग्री की तुलना सबसे बुनियादी इंग्लिश स्कूल की किताबों से नहीं की जा सकती, वेदों और उपनिषदों की कालातीत दार्शनिक शिक्षाओं को नज़रअंदाज़ करता है। भगवद गीता की महान शिक्षाओं को स्वीकार करने से उनका इनकार, एक ऐसा साहित्य जो सांस्कृतिक बाधाओं को पार करता है और कर्तव्य, धार्मिकता और स्वतंत्रता के मार्ग पर सार्वभौमिक सबक प्रदान करता है, उनके अत्यधिक पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण को दर्शाता है। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों में चित्रित जीवन, नैतिकता, राजनीति और शासन की समृद्ध विरासत को समझने में मैकाले की अक्षमता आश्चर्यजनक अदूरदर्शिता को दर्शाती है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र के प्रति उनका तिरस्कार, एक ऐसी पुस्तक जो राज्य-प्रशासन पर गहन अंतर्दृष्टि के मामले में मैकियावेली की द प्रिंस के बराबर है, और कुछ मायनों में उससे बेहतर भी है, गैर-यूरोपीय बौद्धिक उपलब्धियों में उनकी अरुचि को दर्शाता है।

# विनेश फोगाट ने वापस लिया संन्यास का फैसला, अब करेंगी 2028 ओलंपिक की तैयारी

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने संन्यास से बाहर आने का बड़ा फैसला किया है। 2024 पेरिस ओलंपिक में फाइनल मुकाबले से पहले वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक होने के कारण डिसक्वॉलिफाई होने के बाद उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन अब वह दोबारा लौट रही हैं और 2028 लॉस एंजेलिस (एलए) ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। पेरिस ओलंपिक में विनेश का स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले सुबह के वजन परीक्षण में 100 ग्राम अधिक वजन पाया गया था, जिसके चलते उन्हें फाइनल से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने इस फैसले को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में चुनौती भी दी, लेकिन नतीजा नहीं बदला। इसके ठीक बाद 8 अगस्त 2024 को उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी। करीब एक साल बाद विनेश ने शुक्रवार को फिर से मैट पर लौटने का फैसला लिया। इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, लोग पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरी आखिरी लड़ाई थी। लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से और अपनी महत्वाकांक्षाओं से थोड़ी दूरी चाहिए थी। कई सालों बाद मैंने खुद को आराम करने दिया। उन्होंने आगे लिखा,मैंने अपनी यात्रा के भार को समझने के लिए वक्त लिया–उतार-चढ़ाव, त्याग, और वो पहलू जो दुनिया ने नहीं देखे। इसी चिंतन में मुझे सच्चाई मिली–मैं अभी भी इस खेल से प्यार करती हूं। मैं अब भी प्रतियोगिता करना चाहती हूं। विनेश ने कहा कि अब वह नए जोश के साथ एलए 2028 की ओर कदम बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा, इस बार मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा मेरी टीम का हिस्सा है, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, मेरा छोटा चीयरलीडर, जो अब मेरे साथ एलए ओलंपिक की राह पर चलेगा।, विनेश फोगाट की यह वापसी भारतीय कुश्ती के लिए बड़ी खबर मानी जा रही है और अब सबकी नजरें उनकी एलए 2028 की तैयारियों पर होंगी।

## फ़ेडरर की शानदार वापसी, ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के उद्घाटन समारोह में दिखेगा जलवा

मेलबर्न। स्विट्ज़रलैंड के टेनिस दिग्गज रोजर फ़ेडरर जनवरी 2026 में एक बार फिर अपने 'हैप्पी स्लैम' की ओर लौटेंगे। ऑस्ट्रेलियन ओपन आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि फ़ेडरर टूर्नामेंट के आधिकारिक उद्घाटन के लिए होने वाले बैटल ऑफ द वर्ल्ड नंबर 1स इवेंट की शोभा बढ़ाएंगे। रिटायरमेंट के बाद पहली बार वे 2022 के बाद रॉड लेवर एरीना में नजर आएंगे। मेलबर्न पार्क में पहली बार आयोजित किया जा रहा यह विशेष ओपनिंग सेरेमनी 18 जनवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से एक दिन पहले होगी। इसमें फ़ेडरर को विशेष सम्मान भी दिया जाएगा। फ़ेडरर छह बार नॉर्मन ब्रूक्स ट्रॉफी जीत चुके हैं और उनके नाम कुल 20 ग्रैंड स्लैम खिताब दर्ज हैं। इस खास मुकाबले में फ़ेडरर के साथ चार बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आंद्रे अगासी, ऑस्ट्रेलिया के पैट राफ्टर और लेटन हेविट भी कोर्ट पर उतरेंगे।

# पीटी उषा की सरकार से भारत में डोपिंगरोधी किट के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य पी टी उषा ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत स्वदेशी डोपिंगरोधी परीक्षण किटों के उत्पादन को बढ़ावा देने का आग्रह किया और कहा कि इससे न केवल लागत कम होगी बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उषा ने राज्यसभा में यह मुद्दा उठाया और कहा कि परीक्षण किट आयात करने से परिणामों में देरी होती है और ऐसे में विदेशी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है। एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार वर्तमान में दो स्विस कंपनियां बर्लिंगर और लॉकमॉन भारत में इन परीक्षण किटों की आपूर्ति कर रही हैं। उषा ने कहा, ''मैं इस सदन का ध्यान एक ऐसे मामले की तरफ खींचना चाहती हूं जो हमारे खिलाड़ियों की गरिमा और हमारे राष्ट्र की वैश्विक छवि को प्रभावित करता है। भारत को डोपिंग मुक्त खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत डोपिंगरोधी किटों के स्वदेश में उत्पादन को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, ''डोपिंग बड़ा खतरा है जो निष्पक्ष खेल, खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और विश्व मंच पर हमारे देश की प्रतिष्ठा को लगातार खतरे में डाल रहा है। अभी हम उच्च गुणवत्ता वाले अधिकतर डोप परीक्षण किटों को आयात कर रहे हैं। इसमें काफी लागत आती है, परीक्षण में देरी होती है और बाहरी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है। भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगा रहा है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश को अपने डोपिंग रिकॉर्ड में काफी सुधार करना होगा। इस समस्या से निपटने में भारत की स्थिति खराब है और डोपिंग के मामले में वह नियमित रूप से दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल रहता है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सप्ताह पहले राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा था कि सरकार डोपिंग विरोधी उपायों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद ही अब उषा का यह बयान सामने आया है। खेल मंत्री ने कहा था कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अपनी परीक्षण क्षमता में काफी वृद्धि की है और वर्तमान वर्ष में 7751 डोप परीक्षण करने की योजना है, जो 2024 में किए गए 7474 और 2023 में किए गए 5794 परीक्षणों की तुलना में अधिक है। उषा ने कहा कि स्वदेशी डोप परीक्षण किटों का होना बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा क्योंकि इससे अनुसंधान, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा, ''भारत आत्मनिर्भर बन सकता है और विश्व भर में डोपिंगरोधी उपकरणों का आपूर्तिकर्ता भी बन सकता है। इस तरह की पहल से न केवल लागत कम होगी बल्कि परीक्षण में तेजी आएगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और खेल के सभी स्तरों में डोपिंग पर रोक लगाने का तंत्र मजबूत होगा।

# संक्षिप्त समाचार

### गिल की खराब फॉर्म एक बुरा संकेत, इससे टीम प्रबंधन पर दबाव बढ़ रहा है: इरफान पठान

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि शुभमन गिल की खराब फॉर्म न केवल उन पर व्यक्तिगत रूप से बल्कि टीम प्रबंधन पर भी दबाव बढ़ा रही है। पठान ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि संजू सैमसन को वापस लाकर पहले की तरह के सफल बल्लेबाजी संयोजन को बहाल करना भी उतना आसान नहीं होगा, क्योंकि केरल के इस खिलाड़ी को भी अपनी लय वापस पाने में कुछ समय लगेगा। भारत के लिए टी20 में सलामी बल्लेबाज के तौर पर सैमसन काफी सफल रहे थे। इसके बाद जब गिल को टी20 उप-कप्तान बनाया गया तो सैमसन की जगह उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतारा गया। भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान गिल हालांकि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। पठान ने कहा, ''शुभमन गिल कह सकते हैं कि उन्होंने एक बहुत अच्छी गेंद पर अपना विकेट गंवाया। अगर गिल फॉर्म में होते तो वे उस गेंद को आसानी से खेल लेते। वे फॉर्म में नहीं हैं। जहां तक कप्तान सूर्यकुमार यादव की बात है तो मुझे लगता है कि उन्हें अपने ऑफ साइड के खेल पर ध्यान देने की जरूरत है। जब वे आउट हुए तो वे पूरी तरह से गलत पोजीशन में थे। उन्होंने कहा, '' गिल का रन नहीं बना पाना एक बुरा संकेत है और इससे उन पर और टीम प्रबंधन पर दबाव बढ़ जाता है। वे सोच रहे होंगे कि क्या किया जाए। यह स्थिति और खराब नहीं होनी चाहिए। पठान ने कहा, ''अगर उनसे फिर भी रन नहीं बन पा रहे हैं तो आप संजू सैमसन को वापस लाकर उनसे तुरंत अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकते, खासकर तब जब वह भी लय में न हों। इससे कई सवाल पैदा हो गए हैं। अगर वे सैमसन को वापस अंतिम एकादश में शामिल करते हैं, तो उनके लिए रन बनाना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सूर्यकुमार की मुश्किलों का भी जिक्र किया, जो कप्तानी संभालने के बाद से कोई बड़ा स्कोर नहीं बना पाए हैं। पठान ने कहा, ''सूर्या पर दबाव होगा क्योंकि वह कप्तान हैं और कप्तान होने के नाते अंतिम एकादश में आपकी जगह स्वतः ही पक्की हो जाती है। एक खिलाड़ी के तौर पर अगर आपने एक साल में रन नहीं बनाए हैं, तो आप दबाव में होते हैं। उन्होंने कहा, ''विश्व कप (अगले साल फरवरी-मार्च में) से पहले उन्हें अपनी फॉर्म में वापसी करनी होगी। उन्हें बल्लेबाजी की सही स्थिति और बेहतर शॉट चयन की जरूरत है। सूर्या लेग साइड की तरफ सीधी गेंद पर आउट हो रहे हैं। जब आप इस तरह से आउट हो रहे हैं तो आपको ऑफ साइड में अधिक खेलने की कोशिश करनी चाहिए।''

### न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया

**वेलिंगटन।** जैकब डफी की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां वेस्टइंडीज को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। डफी ने 38 रन देकर पांच विकेट लिए। यह श्रृंखला में दूसरा अवसर था जबकि उन्होंने पारी में पांच विकेट लिए। उनके साथी तेज गेंदबाज माइकल रे ने 45 रन देखकर तीन विकेट हासिल किए जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 128 रन पर ढेर कर दिया। इस तरह से न्यूजीलैंड को 56 रन का लक्ष्य मिला और उसने केवल 10 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 205 रन बनाए थे जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 278 रन बनाकर 73 रन की बढ़त हासिल की थी। इन दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से शुरू होगा। न्यूजीलैंड ने छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान टॉम लैथम (09) का विकेट गंवाया। डेवोन कॉनवे 28 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि केन विलियमसन (नाबाद 16 रन) ने एंडरसन फिलिप की गेंद पर चौका लगाकर चाय के ब्रेक से कुछ मिनट पहले टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तेज गेंदबाज माइकल रे और विकेटकीपर-बल्लेबाज मिच हे ने भी न्यूजीलैंड की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिन्हें कई खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के कारण टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला था। मिच हे ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में सर्वाधिक 61 रन बनाए थे जबकि माइकल रे ने मैच में 106 रन देकर छह विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड का गेंदबाजी आक्रमण मैट हेनरी, विल ओ'रूर्क और नाथन स्मिथ की चोटों और काइल जैमीसन और बेन सियर्स की अनुपस्थिति से कमजोर था। पहली पारी में चार विकेट लेने वाले ब्लेयर टिकनर भी फील्डिंग करते हुए चोटिल हो गए जिससे न्यूजीलैंड का आक्रमण और कमजोर हो गया। वेस्टइंडीज की टीम हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाई। वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 32 रन से आगे बढ़ाई लेकिन जल्द ही उसकी पारी लड़खड़ा गई क्योंकि ब्रैंडन किंग (22) कैवेम हॉज (35) के साथ तालमेल की कमी के चलते रन आउट हो गए। लंच के समय वेस्टइंडीज का स्कोर छह विकेट पर 98 रन था। डफी ने जस्टिन ग्रीव्स (25) का अहम विकेट लिया, इसके बाद उसकी पारी सिमटने में देर नहीं लगी।

### मर्सिडीज जनवरी से वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी

**नयी दिल्ली।** लक्जरी कार बनाने वाली मर्सिडीज-बेंज इंडिया जनवरी से वाहनों की कीमत दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी। वाहन विनिर्माता यूरो के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट के प्रभाव को कम करने के लिए यह कदम उठा रही है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा कि कीमतों में दो प्रतिशत की सीमा तक की गिरावट 2025 के दौरान लक्जरी वाहन बाजार में व्याप्त निरंतर विदेशी मुद्रा दबाव को दर्शाती है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, 'मुद्रा संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियां इस वर्ष हमारी अपेक्षा से अधिक समय तक बनी रही, यूरो लगातार 100 रुपये के ऊपर कारोबार कर रहा है। इस दीर्घकालिक अस्थिरता का असर स्थानीय उत्पादन के लिए आयातित कल-पुर्जों से लेकर पूरी तरह से विनिर्मित इकाइयों तक पड़ता है।

## एमआई एमिरेट्स की अबूधाबी नाइट राइडर्स पर आसान जीत

अबूधाबी। फजलहक फारूकी की शानदार गेंदबाजी और जॉनी बेयरस्टो की उपयोगी पारी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अबूधाबी नाइट राइडर्स पर सात विकेट से आसान जीत हासिल की। इस जीत से एमआई एमिरेट्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके अब चार अंक हो गए हैं और उसने अपने चार मैचों में से दो में जीत हासिल की है। नाइट राइडर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। उसकी तरफ से अलीशान शराफू ने 38 और सुनील नारायण ने 26 रन बनाए। फारूकी ने 14 रन देकर चार जबकि कामिंदु मेंडिस ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए। एमआई एमिरेट्स ने केवल 13.5 ओवर में तीन विकेट पर 123 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। उसकी तरफ से मोहम्मद वसीम ने 12 गेंदों पर 27 रन, जॉनी बेयरस्टो ने 38 गेंदों पर नाबाद 49 रन और टॉम बैंटन 20 गेंदों में 29 रन बनाए।

# मेस्सी भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार, लेकिन 2011 की तरह नहीं दिखेगा फुटबॉल जादू

एजेंसी

कोलकाता। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी की 2011 के बाद शनिवार से शुरू होने वाली पहली भारतीय यात्रा चकाचौंध से भरपूर होगी लेकिन इसमें फुटबॉल का खास जादू देखने को नहीं मिलेगा। मेस्सी का यह दौरा यह 2011 की तुलना में पूरी तरह से अलग होगा जब यहां साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों ने सुपरस्टार के पांवों का जादू देखा था। तब फीफा मैत्री मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 1-0 से हराया था और 85,000 से अधिक प्रशंसक स्टेडियम में जमा हुए थे। कुछ दर्शक तो स्टैंड के किनारों पर भी बैठे थे। आठ बार बैलोन डीओर जीतने वाले मेस्सी इस बार 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' में फुटबॉल खेलने वाले नहीं हैं। यह पूरी तरह से प्रचार और व्यावसायिक रूप से आयोजित कार्यक्रम है, जो शनिवार को यहां शुरू होगा और सोमवार को नयी दिल्ली में समाप्त होगा। फिर भी एक ऐसे शहर के लिए यह बेहद खास है, जिसने कभी माराडोना तो कभी पेले सिर आंखों पर बिठाया तो कभी अपने फुटबॉल प्रेम से डुंगा को चकाचौंध किया और रोनाल्डिन्हो को गले लगाया। इसे देखते हुए फुटबॉल नहीं खेलने के बावजूद यह शहर मेस्सी को अपने सिर आंखों पर बिठाने के लिए तैयार है। आयोजकों ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए 78,000 सीटें सुरक्षित रखी हैं। यहां मेस्सी शनिवार को 45 मिनट तक चलने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए टिकटों की कीमत 7,000 रुपये तक है। यह देखना हालांकि बाकी है कि फुटबॉल प्रेमी इस कार्यक्रम के प्रति कितना उत्साह दिखाते हैं। मेस्सी भारत में 72 घंटे से भी कम समय बिताएंगे, लेकिन इस दौरान वह चार महानगरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का दौरा करेंगे। अपनी इस संक्षिप्त दौरे के दौरान उनके कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज, बॉलीवुड हस्तियां और यहां तक ??कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ निर्धारित बैठक भी शामिल है। मेस्सी के प्रशंसकों में से एक भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का भी 14 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले टी20 मैच के बाद उनसे मिलने की उम्मीद है। मेस्सी का पिछला भारत दौरा फुटबॉल प्रेमियों की स्मृतियों में आज भी जीवंत बना हुआ है, जब उन्होंने तीन सितंबर, 2011 को अपने पांवों का जादू दिखाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया था। भले ही वह उस मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन उन्हें अपने सामने खेलते हुए देखना भी बहुत बड़ा रोमांच था। मेस्सी के वर्तमान दौरे का मुख्य आकर्षण रविवार को मुंबई में होने वाला 45 मिनट का फैशन शो होगा जिसमें यह दिग्गज फुटबॉलर लंबे समय तक अपने साथी रहे लुई सुआरेज़ और अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल के साथ भाग लेगा। मेस्सी के इस दौरे के प्रमोटर सताद्रु दत्ता ने कहा, ''इसमें मशहूर मॉडल, क्रिकेटर, बॉलीवुड हस्तियां, बिजनेसमैन शामिल होंगे। टाइगर और जैकी श्रॉफ, जॉन अब्राहम और अन्य लोग भी इसमें शिरकत करेंगे। सुआरेज एक स्पेनिश संगीत कार्यक्रम में भी प्रस्तुति देंगे। आयोजकों ने मेस्सी से 2022 के विश्व कप विजेता अभियान से जुड़ी कुछ यादगार वस्तुएं लाने का अनुरोध किया है, जिनकी मुंबई में नीलामी की जाएगी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम से पहले क्रिकेट क्लब ऑफ़ इंडिया (सीसीआई) में पैडल कप का आयोजन किया जाएगा। मेस्सी कोलकाता में ईएम बाईपास पर स्थित एक पांच सितारा होटल में ठहरेंगे और सुबह प्रायोजकों के साथ विशेष मुलाकात और अभिवादन कार्यक्रम में भाग लेंगे। कोलकाता में अब वीआईपी रोड पर श्रीभूमि क्लॉक टॉवर (बिग बेन की प्रतिकृति) के पास एक नया 'मेस्सी लैंडमार्क' भी होगा।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025: नितीश रेड्डी ने मध्यप्रदेश के खिलाफ ली हैट्रिक

पुणे। आंध्र के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच में मध्य प्रदेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक ली। नितीश ने एमपी की पारी के तीसरे ओवर की अंतिम तीन गेंदों पर हर्ष गवली, हरप्रीत भाटिया और रजत पाटीदार के विकेट चटकाए। उन्होंने सबसे पहले गवली को बोल्ड किया, फिर भाटिया को कैच आउट कराया और तीसरी गेंद पर पाटीदार का स्टंप उखाड़ कर उन्हें चलता किया। उनकी इस घातक गेंदबाजी से मध्य प्रदेश की टीम 113 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 14 रन पर 3 विकेट खो दिए। हालांकि इसके बाद ऋषभ चौहान (47) और राहुल बाथम (35) ने मध्यप्रदेश को 4 विकेट से जीत दिला दी। भले ही यह मैच आंध्र हार गया, लेकिन नितीश ने अपनी टीम को अंत तक मैच में बनाए रखा।

# टीम चाहती है कि गिल आईपीएल की तरह बल्लेबाजी करें: टेन डोएशे

एजेंसी

मुल्लांपुर। भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा कि स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने टी20 में वापसी के बाद से खुद पर बहुत अधिक बोझ ले लिया है और टीम चाहती है कि वह आईपीएल की तरह ही खुलकर बल्लेबाजी करें। गिल ने सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी की थी। उन्होंने शीर्ष क्रम में संजू सैमसन की जगह ली, लेकिन वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिससे अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में हार के बाद टेन डोएशे संवाददाताओं से कहा कि गिल को सबसे छोटे प्रारूप में थोड़ा सहज होने की जरूरत है और उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिर में इसके संकेत दिखाए थे। टेन डोएशे ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''इंग्लैंड में जिस तरह से उन्होंने कप्तानी संभाली और जिस तरह से उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया उसकी कुछ झलक टी20 टीम में उनके इरादों में दिखती है। उन्होंने कहा, ''अगर कुछ था तो वह कुछ ज्यादा ही परवाह करने वाले खिलाड़ी हैं और अपनी भूमिका को लेकर शायद कुछ थोड़ा ज्यादा सख्त हो गए। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिर में हमारी बातचीत उस जिम्मेदारी को कम करने और स्वच्छंद होकर खेलने से जुड़ी थी। विशेषकर उस भूमिका में जहां आपको लगता है कि आपको टीम में अपनी जगह को सही साबित करने की जरूरत है। टेन डोएशे ने कहा, ''हम नहीं चाहते कि वह ऐसा करे। हम चाहते हैं कि जिस तरह से उन्होंने आईपीएल में खुलकर बल्लेबाजी की थी, यहां भी वह इस तरह की आजादी से खेलें। हमें उसकी प्रतिभा पर भरोसा है और हमें विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सूर्या (कप्तान सूर्यकुमार यादव) के साथ भी ऐसा ही है। नीदरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर ने सूर्यकुमार का भी समर्थन किया, जो पिछले साल कप्तानी संभालने के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टेन डोएशे ने कहा, ''सूर्या बेहतरीन खिलाड़ी हैं और हमें उन जैसे खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं। अगर आप भारत की तरफ से नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना चाहते हैं, तो आप पर रन बनाने का दबाव होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, ''काफी समय से वह उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा कि हम उनसे अपेक्षा कर रहे हैं लेकिन हमारे लिए यह चिंता का विषय नहीं है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए हम उनसे यही उम्मीद करते हैं कि वह मैदान पर उतरें और आक्रामक बल्लेबाजी करें। जैसा कि मैंने पहले कहा कि हम इन दो मैच में उनके प्रदर्शन को लेकर चिंतित नहीं है।

## ब्रुकफील्ड महाराष्ट्र में जीसीसी सुविधा स्थापित करने के लिए एक अरब अमेरिकी डॉलर का करेगी निवेश: फडणवीस

मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि ब्रुकफील्ड प्रॉपर्टीज राज्य में एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) सुविधा स्थापित करने के लिए एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करने जा रही है। फडणवीस ने कहा कि उन्होंने ब्रुकफील्ड के प्रमुख अधिकारियों के साथ चर्चा की और वे 20 लाख वर्ग फुट की जीसीसी सुविधा स्थापित करने पर सहमत हुए हैं जो ''एशिया में सबसे बड़ी होगी और संभवतः दुनिया में भी सबसे बड़ी होगी। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से 15,000 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होंगी और अप्रत्यक्ष रूप से 30,000 अन्य नौकरियों को समर्थन मिलेगा। फडणवीस ने यहां एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, '' यह (निवेश) एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होगा।

# आईओसी ने रूसी युवा टीमों और खिलाड़ियों की वापसी का दिया सुझाव, झंडा-गान के साथ भागीदारी की अनुमति की सिफारिश

एजेंसी

जिनेवा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने गुरुवार को रूस और बेलारूस को वैश्विक खेलों में पुनः शामिल करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों को सलाह दी कि वे इन देशों की युवा टीमों और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय झंडे और राष्ट्रगान के साथ प्रतिस्पर्धा की अनुमति दें। आईओसी ने अपने बयान में कहा, ''खिलाड़ियों को दुनिया भर में खेल तक पहुंच और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर प्रतिस्पर्धा करने का मूल अधिकार है। यह संदेश रूस और इज़राइल दोनों में स्वागत योग्य माना जा रहा है, जहां हाल के समय में खिलाड़ियों को भेदभाव का सामना करना पड़ा है। यह अपडेटेड रणनीति ओलंपिक समिट में तय की गई, जिसकी अध्यक्षता आईओसी प्रमुख किर्स्टी कोवेंट्री ने की। आईओसी ने स्पष्ट किया कि इन सिफारिशों को लागू करने में समय लग सकता है और प्रत्येक खेल संगठन अपने स्तर पर यह तय करेगा कि 'युवा इवेंट' की परिभाषा क्या होगी। आईओसी ने यह भी दोहराया कि रूस को अभी भी किसी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी नहीं दी जानी चाहिए, हालांकि खिलाड़ियों की भागीदारी पर नरमी बढ़ाई जा रही है। यह सिफारिश विशेष रूप से डकार 2026 यूथ ओलंपिक गेम्स पर भी लागू होने की बात कही गई है। वर्तमान में रूस की ओलंपिक समिति निलंबित है और वह अपने राष्ट्रीय प्रतीकों के साथ भाग नहीं ले सकती।

# भारत, न्यूजीलैंड ने एफटीए वार्ता तेज करने के तरीकों पर चर्चा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द आगे बढ़ाने के तरीकों पर शुक्रवार को बातचीत की। न्यूजीलैंड के वाणिज्य मंत्री टॉड मैकक्ले इस समय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ एफटीए वार्ता में प्रगति की समीक्षा के लिए भारत दौरे पर हैं। गोयल ने बैठक के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-न्यूजीलैंड एफटीए के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की और पारस्परिक हितों को ध्यान में रखते हुए वार्ता को आगे बढ़ाने के उपायों पर विचार किया। दोनों देशों के बीच एफटीए पर आधिकारिक बातचीत 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई थी और अब तक इसके चार चरण पूरे हो चुके हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-न्यूजीलैंड द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 1.3 अरब डॉलर रहा, जो इसके एक साल पहले की तुलना में करीब 49 प्रतिशत अधिक है। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क केवल 2.3 प्रतिशत है। प्रस्तावित एफटीए से व्यापार प्रवाह बढ़ने, निवेश संबंध मजबूत होने, आपूर्ति-शृंखला को लचीला बनाने और उद्योगों के लिए स्थिर ढांचा तैयार होने की उम्मीद है। भारत और न्यूजीलैंड ने इससे पहले वर्ष 2010 में व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर चर्चा शुरू की थी। हालांकि नौ दौर की बातचीत के बाद 2015 में वार्ता स्थगित हो गई थी।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,19,860 रुपये से लेकर 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,01,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,30,910 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सार्इ का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कांग्रेस नेता श्रीप्रकाश जायसवाल को श्रद्धांजलि देने पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीप्रकाश जायसवाल को श्रद्धांजलि देने के लिए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शुक्रवार को लालबंगला पोखरपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद श्रीप्रकाश के परिजनों से मुलाकात करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति के नजरिये अपूरणीय क्षति है। उनके देहांत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद पत्र लिखकर दुःख जाहिर किया है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी इस दुःख की घड़ी में श्रीप्रकाश से परिजनों के साथ खड़ी है। बताते चलें कि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रकाश जायसवाल का लंबी बीमारी के चलते बीते 28 नवम्बर को निधन हो गया था। उसके बाद से लगातार पक्ष और विपक्ष से लेकर फिल्म अभिनेता तक उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में आज उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी लाल बंगला पोखरपुर स्थित श्री प्रकाश के आवास पहुंचे जहां उन्होंने परिजनों से मुलाकात करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस दुःख की घड़ी में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इससे पहले 30 नवम्बर को उनके अंतिम संस्कार के समय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भैरव घाट पहुंचे थे। वहीं यह भी कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस पार्टी से कोई ना कोई बड़ा चेहरा भी उनके अंतिम दर्शन या उनके परिजनों से मुलाकात कर सकता है। हालांकि अभी तक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अलावा कोई भी कानपुर नहीं पहुंचा है। जबकि पक्ष विपक्ष के लोग लगातार श्रीप्रकाश के घर पहुंच रहे हैं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ भाजपा के एमएलसी सुनील बिश्नोई, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह भदौरिया, नगर अध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## काशी तमिल संगमम– 4: तमिलनाडु से काशी पहुंचा छठा दल, आध्यात्मिक वातावरण देख भावुक हुईं महिलाएं

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए तमिलनाडु से छठा दल भी शहर में पहुंच गया है। छठे दल में महिलाएं शामिल हैं। गुरूवार देर रात मंडुवाडीह स्थित बनारस रेलवे स्टेशन पर विशेष ट्रेन से महिलाओं का दल प्लेटफार्म पर उतरा तो उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्टेशन पर पारंपरिक स्वागत देखकर तमिल महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने कहा कि काशी में मिल रहा आध्यात्मिक वातावरण उनके लिए अविस्मरणीय है। महिलाओं के स्वागत में डमरू वादन की ध्वनि से पूरा परिसर शिवमय हो गया । कार्यक्रम के तय शेड्यूल के अनुसार, तमिलनाडु से आया महिलाओं का दल श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शनऽपूजन के लिए शुक्रवार को रवाना हो गया। इसके बाद महिलाएं गंगा तट, घाटों, तथा शहर के प्रमुख सांस्कृतिक और शैक्षिक स्थलों का भ्रमण करेंगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महिला अतिथियों को काशी की समृद्ध विरासत, कला, संस्कृति और अध्यात्म से परिचित कराने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। दल में शामिल लक्ष्मी काशी पहुंचने पर भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि हमारा शुरू से सपना था कि बाबा विश्वनाथ का दर्शन करें, आज काशी पहुंच कर बड़ी खुशी हो रही है। लक्ष्मी ने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि इस तरह से काशी में आगमन होगा। वह अन्य महिलाओं के साथ दक्षिण भारतीय भाषा में भजन गाती हुई दिखाई दी। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद देते हैं कि हमारे राज्य से लोगों को उत्तर प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में भ्रमण करने का मौका मिल रहा है ।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूसरे के हुए 469 जोड़े



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फर्रुखाबाद। थाना कमालगंज क्षेत्र के नाला बघार पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 469 जोड़ों ने एक दूजे का हाथ पकड़ कर सातों बचन निभाने की अग्नि के समक्ष कसम खाई व फ़ेरे लिए। इनमें आठ जोड़ो का मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार मौलवी ने निकाह कराया। डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह में 14 करोड़ 87 लाख रुपये खर्च हुआ है। जिसमें एक लाख रुपये प्रति जोड़े पर खर्च आया है। 60 हजार रुपये बधू के खाते में डीबीटी किया गया है। सामूहिक विवाह की शुरुआत जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस दौरान भारी संख्या में वर कन्या के परिजन मौजूद रहे। भोजन की व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से की गई। यहां अपनी कन्याओं के विवाह सम्पन्न कराने आये परिजनों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। बाद में कन्याओं को बैंड की बाबुल की दुआएं लेती जा तुझको सुखी संसार मिले धुन पर बिदा किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कन्या विदाई की स्थिति बहुत गमगीन होती है। सीता की विदाई के समय विदेह कहलाने वाले राजा जनक अपने आपको रोक नहीं सके। महा कवि तुलसीदास लिखते हैं - सीतहि देखि धीरता भागी, रहे कहावत परम विरागी। लई भूप उर लाइ जानकी, मिटी महा मर्याद ज्ञान की। डीएम की यह बात सुन सभी कन्याओं के मा, बाप की आंखे नम हो गई। इस मौके पर सभी विधायक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने वाराणसी में शुरू की ओपीडी सेवाएं : डॉ. रमणीक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के आर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के चेयरमैन व रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के चीफ डॉ. रमणीक महाजन ने बताया कि मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत ने वाराणसी में अपनी एक्सक्लूसिव ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है। वाराणसी में रॉयल मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम में डॉक्टरों की एक टीम हर महीने के दूसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्राथमिक परामर्श और फ़ॉलोअप के लिए उपलब्ध रहेगी। इसमें रॉयल मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ. हरिओम सिंह अपना सहयोग प्रदान करेंगे। डॉ. रमणीक महाजन ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी से जॉइंट से जुड़े लक्षणों में घुटने, हिप जॉइंट का दर्द, जकड़न, चलने में कमी, सूजन, अस्थिरता या गिरने, चोट, दुर्घटना या स्पोर्ट्स इंजरी से होने वाले पोस्ट ट्रामेटिक आर्थराइटिस का वाराणसी में लोगों तक हम सीधा उपचार देने जा रहे हैं। हमारी सेवाओं और आधुनिक तकनीक की बदौलत मरीजों को कम हॉस्पिटल स्टे, जल्दी रिकवरी और अधिक संतोषजनक परिणाम मिलते हैं। अगर जोड़ों की समस्याओं की पहचान समय रहते कर ली जाए तो हम स्थिति बिगड़ने से पहले हस्तक्षेप कर पाते हैं। समय पर जानकारी से सही उपचार शुरू किया जा सकता है, जिससे दर्द कम होता है, हीलिंग बेहतर होती है और जोड़ों की कार्य क्षमता बनी रहती है।

## सर्दी से बचाव, गोवंश संरक्षण व विकास कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

औरैया। उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ती सर्दी को देखते हुए औरैया जिले के जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष से जूम मीटिंग के माध्यम से नगर निकायों व विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था कराई जाए तथा रैन बसेरों को पूर्ण क्षमता से संचालित किया जाए, ताकि कोई भी असहाय व्यक्ति ठंड में खुले में न सोए। जिलाधिकारी ने आवारा गोवंशों के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी गोवंशों को पकड़कर गोआश्रय स्थलों में सुरक्षित रखे और तिरपाल, अलाव, चारा, भूसा व दाना आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कृषकों की सुविधा के लिए यूरिया खाद की उपलब्धता सहकारी समितियों पर सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने गुणवत्ता के साथ शेष कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा। उन्होंने न्याय पंचायतों में आयोजित होने वाले आरोग्यम शिविरों में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य बताते हुए कहा कि किसी भी पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ मिलने में बाधा नहीं आनी चाहिए। आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन के संदर्भों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर भी विशेष बल दिया गया।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# पौष कृष्ण अष्टमी पर मनाया गया पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्मदिन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। मालवीय मिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात के पूर्व कुलपति प्रो. रमाशंकर दूबे ने कहा कि हिंदी तिथि पौष कृष्ण अष्टमी के अनुसार भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्मोत्सव आज ही है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में विश्वनाथ मंदिर के समक्ष एकत्रित होकर महामना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हमने तिथि के अनुसार महामना का जन्मदिन मनाया है। मालवीय मिशन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, महामना परिवार एवं का. हि .वि .वि .घुमक्कड़ संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तिथि के अनुसार महामना के जन्मदिन कार्यक्रम की शुरुआत मदन मोहन मालवीय के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो रमाशंकर दूबे ने कहा कि आज ही के दिन 1861 को प्रयागराज में महामना मदन मोहन मालवीय का जन्म हुआ था। उन्होंने भगवान शंकर के त्रिशूल एवं मां गंगा के तट पर बसी ज्ञान और अध्यात्म की नगरी सनातन संस्कृति की राजधानी बुद्ध, कबीर, रैदास, तुलसी, के तप से तापित काशी को अपना कर्म भूमि चुना और यहां काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना किया। उन्होंने बताया कि अंग्रेजों द्वारा 1857 में तीन विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई, जिनमें मद्रास, मुम्बई और कोलकाता विश्वविद्यालय रहे। 1882 में पंजाब विश्वविद्यालय लाहौर की स्थापना की गई। 1885 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। यहां साइंस टेक्नोलॉजी की पढ़ाई कम पढ़ाया जाता था, अंग्रेजी के साथ-साथ अंग्रेजीयत इतना हावी होने लगा हम अपनी संस्कृति और भाषा को भूलने लगे। ऐसी विषम परिस्थिति में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय ने निर्णय लिया कि भारत के अंदर युवा लोगों को पढ़ने के लिए हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना भारत की सांस्कृतिक राजधानी काशी में होनी चाहिए। जहां पढ़ाई के साथ-साथ टेक्नोलॉजी भी हो धर्म भी हो संस्कृति भी हो। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र द्वारा प्रो हीरालाल पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन विजय नाथ पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो प्रभाकर उपाध्याय ने किया। प्रमुख उपस्थित लोगों में प्रमील पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, प्रो शैलेन्द्र गुप्ता उपाध्यक्ष मालवीय मिशन, प्रो राज कुमार मिश्र, प्रो रामानंद राय, प्रो बीरेंद्र सिंह, प्रो अनिल त्रिपाठी, डा दीनानाथ सिंह, ई दीनानाथ सिंह, डा संजय पाण्डेय, प्रो के एन त्रिपाठी, डा ओ पी तिवारी, सूरज प्रजापति, आर पी सिंह, आर पी राय, विद्यासागर सिंह, जगदीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।


# जिलाधिकारी ने महिला समूह द्वारा तैयार मशरूम खरीदकर बढ़ाया हौसला



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

औरैया। उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया के जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की एक पहल से महिलाओं को बढ़ा संबल मिल गया। महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में अपेक्षा महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा तैयार किए गए मशरूम के प्रथम उत्पादन को दो हजार रुपये में खरीदकर उनके प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी की इस पहल से महिला समूह की सदस्यों में उत्साह और आत्मविश्वास की नई ऊर्जा देखने को मिली। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अविनाश चंद्र मौर्य सहित अपेक्षा समिति की महिला सदस्य उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने भी महिला समूह के प्रयासों को सराहते हुए इसके विस्तार पर जोर दिया।

# वाराणसी में हाईटेंशन खंभे पर चढ़ा सिरफिरा आशिक, घंटों चला ड्रामा प्रेमिका को बुलाने पर अड़ा रहा युवक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

■ बिजली कटवा कर युवक को सुरक्षित उतारने के लिए ग्रामीण समझाते रहे

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी मिर्ज़ामुराद क्षेत्र के खरगरामपुर गांव में शुक्रवार को हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़े एक युवक को लेकर हड़कंप मच गया। विवाहिता प्रेमिका को बुलाने की जिद में अशोक चौहान नामक युवक खंभे पर चढ़ गया और नीचे उतरने से इंकार करते हुए कूदने की धमकी देने लगा। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने स्थिति की गंभीरता देखते हुए तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी। विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से हाईटेंशन लाइन की बिजली काट दी। इसी बीच घटना की जानकारी मिलते ही मिर्ज़ामुराद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारी और ग्रामीण लगातार युवक को समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ा रहा। काफी मशक्कत के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों और ग्रामीणों ने संयुक्त प्रयास से युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। घटना के दौरान सोशल मीडिया पर भी इस पूरे प्रकरण को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आती रहीं।

# अयोध्या की कौशलपुरी कॉलोनी में होगा जल निकासी का प्रबंध, महापौर ने कहा- टूटी नालियों की होगी मरम्मत

■ 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत महापौर एवं नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। उत्तर प्रदेश की राम नगरी अयोध्या की कौशलपुरी कॉलोनी को जल्द ही जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ जायज लिया। उन्होंने विशेष अभियान के तहत नाले की सफाई कर कर जल निकासी का स्थाई समाधान ढूंढने तथा तब तक पंप लगाकर जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आज सुबह 8 बजे महापौर एवं नगर आयुक्त सब्जी मंडी के पीछे निराला नगर के समोसा गली पहुंचे। यहां क्षेत्रीय पार्षद धर्मवीर, समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मोड़ पर सफाई कार्य चल रहा था, लेकिन जल भराव की समस्या देखकर महापौर ने नाराजगी जताई और रायबरेली अंडरपास की ओर जाने वाले नाले की सफाई कराकर जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश जोनल अधिकारी कौशलपुरी को दिया। हनुमान मंदिर के पास उन्होंने खुली नाली देखकर पटिया रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सड़क की दूसरी ओर जल भराव को देखकर नाली निर्माण कराने और क्रॉसिंग बनवाने को कहा। महापौर ने डॉ. आरके सिंह के बगल गली को ऊंचा करने तथा ओपीएस इंटर कॉलेज के सामने लाइट लगवाने का निर्देश दिया। यहां लाइट की मांग स्थानीय निवासी अमर सिंह ने उनके सामने रखी। खोजनपुर पहुंचने पर जल भराव की समस्या दिखाई पड़ी। उन्होंने तालाब पैमाइश कराकर सफाई करने, गहराई बढ़ाने तथा रेलिंग लगाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने यहां कूड़ा फेंकने से मना करने के लिए बोर्ड लगाने को कहा। थोड़ा आगे बढ़ने पर नाली की सफाई न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने भाजपा नेता गोकुल समेत स्थानीय लोगों की मांग पर नाली बनवाने का वादा किया। खोजनपुर की गली में बिजली के तार लटके थे। इस पर नगर आयुक्त ने वहां तीन पोल लगाकर तारों को ऊंचा करने का निर्देश दिया। उन्होंने विष्णुपुरी कॉलोनी में प्रकाश व्यवस्था सुधार करने के लिए खराब लाइट को बदलने तथा जरूरत के मुताबिक नई लाइट लगाने के साथ ही टूटी नालियों की मरम्मत करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। डॉ. रमापति मिश्र के घर के सामने पार्क में ओपन जिम लगाने तथा नालियों की मरम्मत कराने को कहा। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि निरीक्षण दो घंटे से अधिक समय तक चला। इस दौरान पूर्व उपसभापति जय नारायण सिंह रिंकू, भाजपा नेता वरुण चौधरी, इंजीनियर रवि तिवारी, मंडल मंत्री वीरेंद्र वर्मा, श्री प्रकाश पाठक, देवमणि द्विवेदी, अमर सिंह आदि थे।